Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक वेलकम इंडिया

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 107 | शनिवार , 19 अप्रैल -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## त्रिंकोमली में होने नौसैनिक अभ्यास को किया रद

# भारत की ताकत के आगे झुके पाकिस्तान-श्रीलंका

**नई दिल्ली।**

त्रिंकोमली के सामरिक जलक्षेत्र में पाकिस्तान और श्रीलंका की नौसेनाओं के बीच सैन्य अभ्यास की योजना को भारत की आपत्ति के बाद रद कर दिया गया है। नई दिल्ली ने प्रस्तावित नौसैनिक अभ्यास के संबंध में कोलंबो को अपनी चिंताएं बताई थीं।

गौरतलब है कि श्रीलंका के उत्तरपूर्वी तट पर स्थित त्रिंकोमली को हिंद महासागर क्षेत्र में, विशेष रूप से भारत के समुद्री सुरक्षा हितों के लिए महत्वपूर्ण है। सूत्रों ने बताया कि श्रीलंका- पाकिस्तान की नौसेनाओं ने त्रिंकोमली तट पर सैन्य अभ्यास करने की योजना बनाई थी। भारत द्वारा श्रीलंका को इस अभ्यास पर अपनी आशंकाओं से अवगत कराने के बाद यह योजना आगे नहीं बढ़ सकी। संयुक्त अभ्यास की योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कोलंबो यात्रा से कुछ सप्ताह पहले बनाई गई थी। इस बारे में श्रीलंका या पाकिस्तान की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत त्रिंकोमाली के ऊर्जा बुनियादी ढांचे के विकास में श्रीलंका को सहायता दे रहा है। त्रिंकोमली दुनिया के सबसे बेहतरीन प्राकृतिक बंदरगाहों में से एक है। इस माह पीएम मोदी की कोलंबो यात्रा के दौरान, भारत, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने त्रिंकोमली को ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए महत्वाकांक्षी समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य श्रीलंका को ऊर्जा सुरक्षा प्राप्त करने और उसके आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मदद करना है।



### चीनी युद्धपोत के आने पर भी नई दिल्ली ने चिंता जताई

तीन वर्ष पहले भारत ने श्रीलंका को डोर्नियर समुद्री निगरानी विमान सौंपा था। अगस्त 2022 में हंबनटोटा बंदरगाह पर चीनी मिसाइल और उपग्रह ट्रैकिंग जहाज युआन वांग के आने से भारत और श्रीलंका के बीच कूटनीतिक विवाद शुरू हो गया है। अगस्त 2023 में कोलंबो बंदरगाह पर एक अन्य चीनी युद्धपोत के आने पर भी नई दिल्ली ने चिंता जताई थी। भारत और श्रीलंका ने सैन्य सहयोग के लिए रक्षा समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं। श्रीलंका पर चीन के प्रभाव बढ़ाने के प्रयासों से उत्पन्न चिंताओं के बीच भारत, श्रीलंका के साथ अपने समग्र सामरिक संबंधों को मजबूत कर रहा है।

## आरसीबी को मात देकर पंजाब किंग्स ने किया चिन्नास्वामी का किला फतह




**नई दिल्ली।**

पंजाब किंग्स ने आरसीबी को 5 विकेट से हराया। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बारिश से प्रभावित मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु ने 14 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 95 रन बनाए। जिसके जवाब में पंजाब ने 11 गेंद शेष रहते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। पंजाब किंग्स ने 12.1 ओवर में 5 विकेट खोकर 98 रन बनाए। आरसीबी की घर में ये लगातार तीसरी हार है। शुक्रवार को आईपीएल 2025 के 34वें मुकाबले में पंजाब किंग्स ने आरसीबी को 5 विकेट से हराया। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बारिश से प्रभावित मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु ने 14 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 95 रन बनाए। जिसके जवाब में पंजाब ने 11 गेंद शेष रहते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। पंजाब किंग्स ने 12.1 ओवर में 5 विकेट खोकर 98 रन बनाए। आरसीबी की घर में ये लगातार तीसरी हार है। पंजाब किंग्स इस जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। जबकि आरसीबी की

96 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पावरप्ले में पंजाब किंग्स ने एक विकेट गंवा दिया है। प्रभसिमरन 9 गेंद में 13 रन बनाकर आउट हुए। प्रियांश आर्या 11 गेंद में 16 रन बनाकर आउट हो गए। तो कप्तान श्रेय अय्यर 10 गेंद में सात और जोश इंगलिश 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। शशांक सिंह 5 गेंद में एक ही रन बना सके। नेहल वढेरा 19 गेंद में 33 रन बनाकर नाबाद लौटे तो मार्कस स्टायनिस ने सात रन बनाए। बेंगलुरु की ओर से जोश हेजलवुड ने तीन और भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट झटके।

## पत्नी के साथ तीन दिन जयपुर में रहेंगे अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस



**जयपुर।**

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस 21 से 23 अप्रैल तक तीन दिन जयपुर दौरे पर आ रहे हैं। वेंस भारतीय मूल की अपनी पत्नी उषा चिलुकुरी वेंस के साथ जयपुर के प्रमुख पर्यटन स्थल आमेर महल, जंतर-मंतर और सिटी पैलेस का भ्रमण करेंगे। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वेंस के साथ जयपुर आ सकते हैं। हालांकि अभी उनके कार्यक्रम की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

बताया जा रहा है कि जेम्स डेविड वेंस 21 अप्रैल को सुबह साढ़े नौ बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से सीधे होटल रामबाग जाएंगे, जहां एक समारोह में शामिल होंगे। अगले दिन 22 अप्रैल को सुबह नौ बजे वेंस और उनकी पत्नी आमेर महल का अवलोकन करेंगे, वहां से सिटी पैलेस एवं जंतर-मंतर पहुंचेंगे। इसी दिन दोपहर बाद राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। 23 अप्रैल को सुबह नौ बजे जयपुर से आगरा के लिए रवाना होंगे। करीब चार सौ साल से अधिक पुराने आमेर महल में वेंस पत्नी के साथ ढाई घंटे तक रहेंगे।

## झारखंड के मंत्री हफीजुल हसन के बयान पर आगबबूला हुए भाजपा नेता पूनावाला, बोले- वह 'सीरियल अपराधी'

**नई दिल्ली।**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शुक्रवार को झारखंड के मंत्री हफीजुल हसन पर उनके विवादास्पद पहले शरीयत, फिर संविधान बयान को लेकर निशाना साधा और उन्हें सीरियल अपराधी कहा। भाजपा नेता ने कहा एक हफ्ते पहले उसने कहा था कि उनके लिए शरिया संविधान से ऊपर है।

अब वह कहते हैं, आपने वक्फ संशोधन अधिनियम लाकर मुसलमानों को परेशान कर दिया है। हम सड़कों पर उतरेंगे और लोगों की पिटाई करेंगे। मुसलमानों में धैर्य है, लेकिन वे कब्र में नहीं हैं। पूनावाला ने कहा कि जो व्यक्ति ऐसी बातें कहता है, क्या वे संविधान के रक्षक हैं, वे संविधान के विध्वंसक हैं। उन्होंने कांग्रेस और आइएनडीआइ गठबंधन पर बंगाल में वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद वक्फ के नाम पर हिंदुओं के खिलाफ हिंसा भड़काने का भी आरोप लगाया। वहीं अपनी विवादास्पद टिप्पणी पर स्पष्टीकरण देते हुए हफीजुल हसन कहा कि मेरे बनाया का गलत व्याख्या की जा रही है।

एक मंत्री संविधान में विश्वास करता है और उसके अनुसार काम करता है। हसन ने अपना बचाव करते हुए कहा कि अन्य धर्मों की तरह शरीयत भी लोगों के दिलों में जगह रखता है, लेकिन यह संविधान का स्थान नहीं लेता।




## कुरान, कलम और कॉपी के बाद अब नॉनवेज की डिमांड, अपने भाई से बात करना चाहता है तहव्वुर

**नई दिल्ली।**

सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि तहव्वुर राणा अपने परिवार के लोगों से बातचीत करना चाहता है। राणा जांच एजेंसी से अपने भाई से बात कराने की प्रक्रिया के बारे में पूछ रहा है।

वहीं, तहव्वुर राणा ने जांच एजेंसी से नॉनवेज यानी मांसाहारी खाने की मांग भी की है। हालांकि, राणा को तय नियमों के आधार पर ही खाना दिया जा रहा है। एनआईए की ओर से बताया गया है कि हिरासत में पूछताछ के दौरान तहव्वुर राणा जांच एजेंसी से सहयोग नहीं कर रहा है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) मुंबई हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा की जांच कर रही है ताकि 2008 के नृशंस आतंकी हमलों के पीछे की बड़ी साजिश की जांच की जा सके।




## पोखरा में चीन के बनाए हवाई अड्डे में भारी भ्रष्टाचार हुआ

**काठमांडू।**

नेपाल के दूसरे बड़े शहर पोखरा में चीन के बनाए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की निर्माण प्रक्रिया में भ्रष्टाचार और अनियमितता होने के साक्ष्य मिले हैं। कुल 21.6 करोड़ डॉलर की लागत से तैयार इस हवाई अड्डे के चालू होने के कुछ दिन बाद हुई विमान दुर्घटना के बाद उसके नक्शे को लेकर सवाल उठे थे, उसी के बाद से दो हवाई पट्टियों में से एक से विमानों का आवागमन बंद कर दिया गया था। इस हवाई अड्डे का निर्माण चीन की सरकारी कंपनी ने किया था। चीन के विदेश मंत्रालय और नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने जांच रिपोर्ट पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। भ्रष्टाचार और अनियमितता पर से पर्दा नेपाली संसद की जांच में उठा है।




## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बोले

# निर्णायक मोड़ पर यूक्रेन-रूस वार्ता कोई मुझे बेवकूफ नहीं बना रहा

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए वार्ता निर्णायक मोड़ पर है और कोई भी पक्ष उन्हें बेवकूफ नहीं बना रहा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर वार्ता में जल्द प्रगति नहीं हुई, तो अमेरिका पीछे हट सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को दावा किया कि यूक्रेन और रूस के बीच बातचीत अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच रही है। उन्होंने यह भी साफ किया कि उनकी शांति पहल में कोई भी पक्ष उन्हें बेवकूफ नहीं बना रहा है।

ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने चेतावनी दी कि अगर आने वाले कुछ दिनों में शांति वार्ता में कोई प्रगति नहीं होती है, तो अमेरिका यूक्रेन-रूस समझौते की कोशिशों से पीछे हट सकता है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, अगर किसी वजह से इन दोनों में से कोई एक पक्ष हालात को बहुत मुश्किल बना देता है, तो हम उन्हें कहेंगे कि तुम बेवकूफ हो और हम इससे पीछे हट जाएंगे। जब उनसे पूछा गया कि क्या रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जानबूझकर वार्ता में देरी कर रहे हैं, तो ट्रंप ने जवाब दिया, मुझे उम्मीद है कि ऐसा नहीं है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब युद्ध को दो साल से ज्यादा हो चुके हैं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय लगातार शांति की कोशिश कर रहा है।



**सावधानी** मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के लगभग 46 जिलों में तेज रफ्तार वाली झोंकेदार हवाओं और गरज-चमक संग बारिश की चेतावनी जारी की है।

# आज 46 जिलों में आंधी-बारिश के साथ वज्रपात का अलर्ट

**लखनऊ।**

यूपी के 46 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। कई जिलों में 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। पश्चिमी यूपी के सात जिलों में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के लगभग 46 जिलों में तेज रफ्तार वाली झोंकेदार हवाओं और गरज-चमक संग बारिश की चेतावनी जारी की है। नए सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ की तीव्रता शनिवार को सूबे के पश्चिमी और पूर्वी दोनो हिस्सों में दिखाई देगी। प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में शनिवार को गरज-चमक संग 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी और बारिश के संकेत हैं। वहीं पश्चिमी यूपी के सात जिलों में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि ईरान से चला पश्चिमी विक्षोभ प्रदेश के पश्चिमी हिस्से को ज्यादा प्रभावित करेगा। मेघ गर्जन के साथ कहीं-कहीं इन झोंकेदार हवाओं की रफ्तार 60 किमी प्रति घंटे से ज्यादा भी जा सकती है। इस दौरान विभिन्न जगहों पर ओलावृष्टि के भी संकेत हैं। कई जगहों पर धूल भरी आंधी चल सकती है। अमरोहा, बिजनौर, बरेली, मुरादाबाद पीलीभीत, रामपुर, शाहजहांपुर एवं आसपास के इलाकों में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।



## संपादक की कलम से

# बंगाल की हिंसा

हमारा संदेह है कि पश्चिम बंगाल में इतना हिंसक, दंगानुमा, आगजनी, रेलवे ट्रैक को बाधित करने और खून-खराबे वाला माहौल क्यों है? देश के अन्य राज्यों में ऐसी हिंसा क्यों नहीं है? क्या बंगाल में दंगाइयों और उपद्रवियों को सत्ता का संरक्षण रहा है? क्या वोट बैंक की खातिर इन दंगाइयों को खुली छूट मिली हुई है? हिंदू पिता-पुत्र की चाकू से गोद कर हत्या कैसे कर दी गई? उपद्रवियों और एक खास जमात के दंगाइयों ने घरों, दुकानों, मंदिरों पर हमले करने का दुस्साहस कहां से हासिल किया? रेलगाडि ?ां रोक दी गईं, क्योंकि पटरियों पर हजारों की भीड़ बैठी थी। ऐसे हालात के मद्देनजर कलकत्ता उच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि अदालत आंखें मूंद कर नहीं बैठ सकती। उच्च न्यायालय को मुर्शिदाबाद के हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बल की तैनाती का आदेश देना पड़ा। बीएसएफ के 300 जवानों के अलावा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 5 कंपनियां भी तैनात की गई हैं। यह नौबत ही क्यों आई? राज्यपाल सीवी आनंद बोस को कठोर बयान देने पड़े कि सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करने और किसी की जिंदगी को खतरे में डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल ऐसे उग्र, नफरती, हिंसक हालात और माहौल का बुनियादी सबब क्या है? वक्फ संशोधन कानून एक मुखौटा कारण हो सकता है, लेकिन जो मुस्लिम नेता, सांसद, मौलाना आदि सरेआम औसत मुसलमानों को भडका-सुलगा रहे हैं, क्या उनके ह्यकुत्तेह्ल, ह्यहरामखोरह्ल, ह्यगद्दारह्ल वाले बयान किसी कानून के दायरे में नहीं आते? क्या ये गालियां भी ह्यअभिव्यक्ति की आजादीह्ल हैं? कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है, लिहाजा अमन-चैन बरकरार रखना मुख्यमंत्री और राज्य पुलिस का संवैधानिक दायित्व है। संविधान में केंद्र और राज्य की भूमिकाओं की स्पष्ट व्याख्या है। समवर्ती सूची का कानून केंद्र और राज्य दोनों ही बना सकते हैं। यदि ऐसे किसी कानून पर केंद्र बनाम राज्य की टकरावपूर्ण स्थिति पैदा होती है, तो संविधान के अनुच्छेद 254 के तहत केंद्र का बनाया कानून ही मान्य होगा। राज्य सरकार उसे खारिज नहीं कर सकती। मुख्यमंत्री ने बंगाल में केंद्र की ह्यआयुष्मान भारतह्ल योजना भी लागू नहीं होने दी है। संविधान का अनुच्छेद 245 बताता है कि संसद पूरे भारत अथवा उसके किसी भाग के लिए कानून बना सकती है। राज्य विधानमंडल राज्य अथवा उसके किसी भाग के लिए कानून बना सकता है। अनुच्छेद 246 अधिकार-क्षेत्र संबंधी विवादों को दूर करने के लिए विधायी विषयों को सौंपता है। वक्फ बिल इन्हीं अनुच्छेदों की परिधि में पारित कराया गया है। वह समवर्ती सूची का भी कानून है, लिहाजा संसद द्वारा पारित किए गए बिल को बंगाल कैसे नकार सकता है? यदि इस संबंध में भारत सरकार कोई कार्रवाई करती है, तो संघीय ढांचे के उल्लंघन का रोना रोया जाएगा। यह विवाद फिलहाल सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। इसी 16 अप्रैल को 20 याचिकाओं की सुनवाई होगी। वक्फ कानून की आड़ में उपद्रव मचाने वालों को याद रखना चाहिए कि आखिर फैसला शीर्ष अदालत को ही करना है। तोड़-फोड़ करने या गली-गली आंदोलन सुलगा कर कुछ भी हासिल नहीं होगा।


ललित शर्मा
संपादक

## आओ रिश्तो की खुशबू में नहलाएं

# दिल के रिश्ते तोड़ने से भी नहीं टूटते दिमाग के रिश्ते जोड़ने से भी नहीं जुड़ते!


गोंदिया

सृष्टि रचना कर्ता ने सृष्टि में मानवीय प्राणी की रचना कर उसके जीवन में अनेकों खूबसूरत श्रेष्ठ गुणों की खान को भी उसकी उम्र रूपी जीवन में संलग्न कर दिया है ताकि अपनी कुछाग्र बुद्धि के बल पर उसका उपयोग कर सकें!! जिसने नहीं किया उसका जीवन नीरसता से भरता है!! जिसने उपयोग किया वह खुशियों की खुशबू में नहलाता है और हंसते हंसते अपना जीवन व्यतीत कर लेता है।

साथियों मानवीय जीवन में ऐसे अनेकों गुणों का पिटारा भरा हुआ है, उन गुणों की रत्नों रूपी एक खूबसूरत माला है आज हम खूबसूरत मानवीय रिश्ता रूपी रत्न पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा कर रिश्तो में प्रगाढ़यता रखकर रिश्तो की खुशबू में नहलाने का संज्ञान लेने की कोशिश करेंगे।

साथियों बात अगर हम रिश्तो की करें तो, शिशु जन्म के साथ ही अनेक रिश्तों के बंधन में बंध जाता है और माँ-पिता, भाई-बहन, दादा-दादी, नाना-नानी जैसे अनेक रिश्तों को जिवंत करता है। रिश्तों के ताने-बाने से ही परिवार का निर्माण होता है। कई परिवार मिलकर समाज बनाते हैं और अनेक समाज सुमधुर रिश्तों की परंपरा को आगे बढाते हुए देश का आगाज करते हैं। सभी रिश्तों का आधार संवेदना होता है, अर्थात सम और वेदना का यानि की सुख-दुख का मिलाजुला रूप जो प्रत्येक मानव को धूप - छाँव की भावनाओं से सराबोर कर देते हैं। रक्त सम्बंधी रिश्ते तो जन्म लेते ही मनुष्य के साथ स्वतः ही जुङ जाते हैं। परन्तु कुछ रिश्ते समय के साथ अपने अस्तित्व का एहसास कराते हैं। दोस्त हो या पडौसी, सहपाठी हो या सहकर्मी तो कहीं गुरू-शिष्य का रिश्ता। रिश्तों की सरिता में सभी भावनाओं और आपसी प्रेम की धारा में बहते हैं। अपनेपन की यही धारा इंसान के जीवन को सबल और यथार्त बनाती है, वरना अकेले इंसान का जीवित रहना भी संभव नही है। सुमधुर रिश्ते ही इंसानियत के रिश्ते का शंखनाद करते हैं। साथियों बात अगर हम भावनात्मक रिश्तों की करें तो, रिश्ते मानवीय भावनाओं का प्रतीक होते है। एक ओर जहां हमारे जीवन में कुछ रिश्ते खून के होते है वही कुछ रिश्ते भावनाओं से बने होते है जो कभी-कभी खून के रिश्तों से भी ज्यादे महत्वपूर्ण होते है। रिश्तों के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा हो जायेगा वास्तव में रिश्तों का कोई दायरा नही होता। एक रिश्ता प्रेम तथा विश्वास पर आधारित होता है, जिसे हम अपने कार्यों द्वारा सींचते है। यदि हम किसी अपरिचित व्यक्ति से अच्छा व्यवहार करेंगे तो उसे भी हम अपना दोस्त बना सकते है और अपने रिश्तों को उससे प्रगाढ़ कर सकते है और इसके विपरीत यदि हम अपने स्वजनों से भी कटु व्यवहार करेंगे तो हमारे रिश्ते उनसे भी खराब हो जायेगें। इसी वजह से रिश्तों को प्रगाढ़ बनाये रखने के लिए हमें जिम्मेदारी पूर्वक उनका निर्वहन करना चाहिए।



साथियों बात अगर हम व्यस्त जिंदगी में रिश्तो में आई कमी की करें तो, आजकल की व्यस्त जिंदगी में लोगों के पास समय कम है। इसके कारण रिश्तों की गर्मजोशी भी कम होती जा रही है। लोग आजकल अपने आपमें इतने मशगूल रहते हैं कि उन्हें आसपास अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों तक का एहसास नहीं रहता। ऐसे में आपसी रिश्तों में फिर से जज्बे के साथ मजबूती के लिए निम्न बातों के लिए अपने आपको ढालना जरूरी है। (1) अकसर हम व्यस्तता के कारण पारिवारिक जिंदगी को प्राथमिकता देना बंद कर देते हैं जो कलह पैदा करती है। अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों पर बराबर ध्यान दें। अपने बच्चों की पढ़ाई व घर की जरूरतों पर निगाह रखें। (2) किसी भी रिश्ते को विश्वास मजबूत आधार देता है। अगर आपकी अपने साथी से बेहतर बन नहीं रही, तो कहीं न कहीं इसके पीछे विश्वास का कम होना भी है। अपने पार्टनर के प्रति विश्वास पक्का करें। कभी-कभी लगता है कि साथी के स्वभाव में बदलाव हो रहा है, लेकिन यह महज परिस्थितवश भी हो सकता है। (3) हर आदमी के स्वभाव में भिन्नता होती है।

उसकी यह भिन्नता उसे दूसरों से अलग पहचान प्रदान करती है। ऐसे में कभी-कभी कुछ चीजों के नजरिए को लेकर आपस में विरोधाभास की स्थिति बन जाती है। अपने साथी के ऐसे विशिष्ट गुण को पहचानने की कोशिश करें। (4) रिश्ते में बनाएं रखें विनम्रता- चाणक्य कहते हैं कि वाणी में मधुरता और व्यक्तित्व में विनम्रता होनी चाहिए। रिश्तों में मजबूती लाने के लिए वाणी में मधुरता जरूरी है। मधुर वाणी से व्यक्ति को समाज में सम्मान मिलता है। (5) घमंड व्यक्ति के रिश्तों को खराब कर देता है। जिसके कारण संबंध भी टूटने लगते हैं। चाणक्य कहते हैं कि व्यक्ति को कभी अहंकार नहीं करना चाहिए। (6)- रिश्तों में गरिमा बनाए रखना जरूरी होता है। जब रिश्ते में एक-दूसरे के प्रति सम्मान होता है, तो रिश्ते मजबूत होते हैं। जो व्यक्ति एक-दूसरे को नीचा दिखाने की प्रवृत्ति रखते हैं, उनके रिश्ते ज्यादा दिनों तक नहीं टिकते हैं। (7) किसी भी व्यक्ति के लिए हर व्यक्ति को खुश रख पाना मुश्किल होता है। चाणक्य के अनुसार, अगर कोई व्यक्ति छल-कपट का सहारा लेता है तो, उसके रिश्ते ज्यादा समय तक टिके नहीं रहते हैं। चाणक्य कहते हैं कि रिश्ते की नींव प्रेम और विश्वास पर टिका होता हैं। (8) अच्छाइयों का करें बार-बार जिक्र अक्सर ऐसा होता है कि रिश्ते में एक वक्त के बाद हम एक-दूसरे के बुरे पहलुओं पर ही ध्यान देते हैं। बुराइयों पर ध्यान देने के बजाय अगले की अच्छी आदतों पर ध्यान दें। (9) रिश्ते की मजबूती के लिए जरूरी है कि आप दोनों अपनी गलतियों को स्वीकारें और बिना किसी झिझक के माफी मांग लें, अपनी गलती स्वीकार कर लेने से कोई छोटा या बड़ा नहीं हो जाता है लेकिन रिश्ता जरूर मजबूत हो जाता है। हम कोशिश करें कि गलतियां न दोहराएं और अगर कभी कुछ गलत हो जाए तो खुलकर गलती स्वीकार कर लें।

साथियों बात अगर हम रिश्तो में मधुर वाणी और प्रिय वचन बोलकर खुशबू बिखेरने की करें तो,

वाणी रसवती यस्य, यस्य श्रमवती क्रिया।

लक्ष्मी : दानवती यस्य, सफलं तस्य जीवितं।।

अर्थ – जिस मनुष्य की वाणी मीठी हो, जिसका काम परिश्रम से भरा हो, जिसका धन दान करने में प्रयुक्त हो, उसका जीवन सफल है।

प्रियवाक्य प्रदानेन सर्वे तुष्यन्ति जन्तवः।

तस्मात तदैव वक्तव्यम वचने का दरिद्रता।।

अर्थ – प्रिय वाक्य बोलने से सभी जीव संतुष्ट हो जाते हैं, अतः प्रिय वचन ही बोलने चाहिए। ऐसे वचन बोलने में कंजूसी कैसी।

यस्य वाङ्गनसी शुद्धे सम्यग्गुप्ते च सर्वदो

स वै सर्वमवाप्नोति वेदान्तोपगतं फलम्

अर्थात - जिस मनुष्य की वाणी और मन बहुत ही निर्मल एवं नियंत्रित होने के कारण सुरक्षित रहते हैं, वही अवश्यमेव श्रुति वाक्यों में वर्णित आत्मकल्याण रूप परम फल को प्राप्त करता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ रिश्तो की खुशबू में नहलाएं!! दिल के रिश्ते तोड़ने से भी नहीं टूटते दिमाग के रिश्ते जोड़ने से भी नहीं जुड़ते!! रिश्तों में प्रगाढ़यता रखना सफल जीवन जीने की कला है।

## कुमार अँचल

## चेहरा उदास

कविता



इंसान सदा परिस्थितियों का दास होता है,
गलती होने पर चेहरा उदास होता है।
पास होने पर जिसकी अहमियत नहीं होती,
दूर जाने पर कमी का एहसास होता है।।

कभी खुश लगता है कभी उदास लगता है,
दूर रहकर भी वह मेरे पास लगता है।
मेरी चाहत का अजीब दस्तूर है यारों,
जिससे नफरत मिलती है वही खास लगता है।।

चमकता सितारा आसमां से टूट जाता है,
बुलबुला पानी का क्षण में फूट जाता है।
हर क्षण की सार्थकता स्वीकारो दोस्त,
काहिल से वक्त भी रूठ जाता है।।

मिलावट के फूलों की हिफाजत हम नहीं करते,
कलम देखे वो लिखती है बनावट हम नहीं करते।
वतन में रह फिर वतन से गद्दारी नहीं करते,
झूठे सियासी मुद्दों पर शायरी हम नहीं करते।

# भारतीय संदर्भ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोट की उपयोगिता


संजीव ठाकुर

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को वैज्ञानिकों ने मानव की सहायता के लिए और देश की बेहतरी के लिए अविष्कार किया है।

अभी तक तो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, इजरायल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में काफी आगे हो चुकें हैं पर अब खाड़ी के देशों विगत 5 साल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति केवल तेल के कुए पर सिमटे न रह कर अन्य योजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है और आश्चर्यजनक रूप से यूएई, सऊदीअरबिया, कतर, मिस्त्र, जॉर्डन,

मोरक्को और अन्य देशों में यूरोप की तुलना में अब और ज्यादा खर्च करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को अपने देश में बहुत मजबूत बना लिया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोट के भारतीय संदर्भ में जहां जनसंख्या 141 करोड़ हो चुकी है और बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार है ज्यादा प्रयोग से लोगों की नौकरियां जाने का बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है। यह बात दुनिया के बड़े अरबपति कारोबारी टेस्ला और एक्स के कारोबारी एलन मस्क ने स्टार्टअप के एक कार्यक्रम में फ्रांस में महत्वपूर्ण अंदाज में कहीं, भविष्य के लिए यह बात एकदम सटीक एवं सार्थक है। एक अन्य अरबपति कारोबारी इयान बैंक्स ने भी इस पर गंभीर चिंता जताई है। यह बात सभी विकासशील देशों के लिए भी लागू हो सकती है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नफ्ज पढ़कर आपके मस्तिष्क की बात तुरंत पकड़कर उस पर अमल करने लगेगा। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पल्स रेट द्वारा आपके मन की हर बात जानने में सक्षम हो सकता है। आ

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी पल्स रीडिंग और मानसिक विचारधारा को केवल थंब इंप्रेशन में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिवाइस पढ़ कर उस पर अमल कर सकता है इस टेक्नोलॉजी से अमेरिका तथा यूरोपीय देश अब तक दुश्मन की अनेक सूचनाएं बड़ी आसानी से प्राप्त कर उसका सामरिक उपयोग करने में लगे हुए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग रूस अपनी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर मिसाइल दागने में यूक्रेन यूक्रेन के विरुद्ध कर रहा है और अब तक यूक्रेन यूरोपीय तथा नाटो देश की मदद से इसी तकनीक के सहारे रूस के विरुद्ध अब तक टिका हुआ है वैसे तो यूक्रेन और रूस का युद्ध में काफी नुकसान हुआ है पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर उपयोग दोनों देश एक दूसरे पर कर रहे हैं। विकासशील देशों में इस टेक्नोलॉजी का विकास अभी काफी एडवांस नहीं है इन परिस्थितियों में उनके लिए उनके सामरिक महत्व की चीजें छुपाना दुश्मन देशों के सामने कठिन हो जाएगा और उनकी खुफिया जानकारी शक्तिशाली देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक सूत्र प्राप्त करने के बाद ही पूरी प्राप्त कर सकते हैं.

खाड़ी के देश जिनमें सऊदी अरबिया, कतर, मिस्त्र, जॉर्डन, यूएई अपने बजट का 34% बढ़ा हुआ हिस्सा एआई तकनीक पर लगातार कर रहे हैं। खाड़ी के देश इस टेक्नोलॉजी का उपयोग इस वजह से कर रहे हैं क्योंकि यह उनकी भविष्य की योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे वे तेल की कमाई से हटकर अन्य साधनों से अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार ला सकेंह्ल यूं एई पहला देश है जिसने 2017 ने इस तकनीक को अपनाया था इसके बाद खाड़ी के देशों में अब टेक्नोलॉजी को अपनाने में होड़ हो गई हैह्ल यह सभी देश एआई टेक्नोलॉजी पर लगभग 3 अरब डॉलर खर्च कर चुके हैंह्ल दूसरी तरफ यदि इसका इस्तेमाल अति विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया तो इसका दुरुपयोग जिन देशों के पास इन टेक्नोलॉजी से एडवांस टेक्नोलॉजी है वह पूरी जानकारी निकालने में सक्षम होंगे।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग यूरोपीय देश न सिर्फ सामरिक महत्व की चीजों में कर रहे हैं बल्कि मेडिकल साइंस और अंतरिक्ष विज्ञान में भी पूरी तरह हो रहा है और इससे बहुत फायदे भी मिल रहे हैंह्ल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव प्रजाति के लिए जितना फायदेमंद है दूसरी तरफ उतना ही नुकसान दे और इससे वैश्विक शांति को खतरा भी हो सकता है।

# शिक्षा और रोजगार को पाटना

शिक्षा और रोजगार को पाटना राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 भारत की शिक्षा प्रणाली के व्यापक परिवर्तन का वादा करती है। इसकी सफलता न केवल दृष्टि पर, बल्कि 21 वीं शताब्दी के लिए शिक्षा को फिर से शुरू करने के लिए कार्रवाई, निवेश और एक एकीकृत राष्ट्रीय प्रतिबद्धता पर टिका है

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 भारत के शैक्षिक परिदृश्य को फिर से आकार देने के लिए एक ऐतिहासिक पहल है, विशेष रूप से मुख्यधारा की शिक्षा में व्यावसायिक प्रशिक्षण को एकीकृत करके। यह एकीकरण कौशल विकास और रोजगार को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है, और यह 'समग्र शिक्षा' और कौशल भारत मिशन जैसी पहल को पूरक करता है।

पीएम श्री स्कूलों की स्थापना राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की दृष्टि का प्रतीक है, जो राष्ट्रव्यापी एक समग्र शैक्षिक अनुभव को बढ़ावा देता है। हालांकि, महत्वपूर्ण चुनौतियां इस महत्वाकांक्षी दृष्टि को साकार करने के रास्ते में खड़ी हैं।

कार्यान्वयन में चुनौतियां

एनईपी 2020 का प्राथमिक उद्देश्य - यह सुनिश्चित करने के लिए कि 2025 तक, कम से कम 50 प्रतिशत शिक्षार्थियों को व्यावसायिक जोखिम प्राप्त होता है - कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है। 2023 तक, बिहार, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य वित्तीय बाधाओं, अपर्याप्त बुनियादी ढांचे और योग्य शिक्षकों की कमी के कारण कार्यान्वयन में काफी पिछड़ गए हैं। एक चौंका देने वाला 75 प्रतिशत तकनीकी संस्थान वर्तमान में पढ़ाए जा रहे कौशल और उद्योग द्वारा मांगे गए कौशल के बीच संरेखण की कमी की रिपोर्ट करता है, एक डिस्कनेक्ट को उजागर करता है जिसे संबोधित किया जाना चाहिए।


विजय गर्ग

इन चुनौतियों के मूल में एक अच्छी तरह से डिजाइन किए गए पाठ्यक्रम की कमी है जो नौकरी के बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए पर्याप्त मजबूत है।

सरकारी धक्का के बावजूद, व्यावसायिक शिक्षा में केवल 5 प्रतिशत छात्रों को आज के नौकरी बाजार से संबंधित क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त होता है। कई पारंपरिक शैक्षणिक संस्थान व्यावसायिक शिक्षा को उनके पाठ्यक्रम में एकीकृत करने के लिए प्रतिरोधी बने हुए हैं, जिससे डर है कि यह अकादमिक कठोरता को कम कर सकता है।

इसके परिणामस्वरूप छात्रों के लिए अपर्याप्त जोखिम होता है, जिनमें से कई प्रतिस्पर्धी श्रम बाजार में पनपने के लिए आवश्यक कौशल के बिना स्नातक होते हैं।

इसके अलावा, उभरती प्रौद्योगिकियों, जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और स्वचालन में प्रशिक्षित शिक्षकों में उल्लेखनीय कमी है। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि 80 प्रतिशत से अधिक संस्थानों में इन आवश्यक क्षेत्रों में संकाय प्रवीणता की कमी है, जो व्यावसायिक प्रशिक्षण की गुणवत्ता से समझौता करते हैं।

आगे का रास्ता

आगे के पथ को यह सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई योग्य रणनीतियों की आवश्यकता होती है कि व्यावसायिक शिक्षा स्कूल पाठ्यक्रम का एक मुख्य घटक बन जाए। कक्षा 9 से कक्षा 12 तक व्यावसायिक शिक्षा को अनिवार्य बनाना, छात्रों को उनके चुने हुए क्षेत्रों में जारी रखना आवश्यक है।

उदाहरण के लिए, व्यावसायिक विषय के रूप में 'इलेक्ट्रीशियन' का चयन करने वाले छात्र को कक्षा 10 और उससे आगे के माध्यम से इस विषय के साथ जुड़ना जारी रखना चाहिए, एक गहरी, व्यावहारिक समझ सुनिश्चित करना चाहिए। भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए, सरकार एक वित्तीय प्रोत्साहन मॉडल लागू कर सकती है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों के लिए 500 रुपये का मासिक वजीफा प्रदान करना, व्यावसायिक प्रशिक्षण किट के साथ, नामांकन को बढ़ावा दे सकता है। जो छात्र अपनी उच्च कक्षाओं के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण में जारी रखते हैं, उनके लिए प्रति माह 1,000 रुपये का वजीफा निरंतर प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित करेगा। स्नातक छात्रों को चार साल के बाद प्रमाणन प्राप्त करना चाहिए, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी रोजगार क्षमता को बढ़ाना चाहिए। 1.5 मिलियन स्कूलों में 260 मिलियन से अधिक छात्रों और उच्च शिक्षा में 40 मिलियन से अधिक छात्रों के साथ भारत, विश्व स्तर पर सबसे बड़ी छात्र आबादी में से एक है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# जल संरक्षण में सामुदायिक सहभागिता हेतु कार्यशाला का किया गया आयोजन

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**स्योहारा** जल संरक्षण में सामुदायिक सहभागिता को नया आयाम देने के उद्देश्य से डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया के तत्वावधान में लैंड इस्केप पार्टनर्शिप - साझेदारी पहल कार्यक्रम के अंतर्गत करुला एवं गांगन नदी संरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया , सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग तथा जल उपभोक्ता समिति माइनर खानपुर द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम मीरापुर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें करुला नदी के संरक्षण में किसानों की भूमिका पर चर्चा और माइनर खानपुर जल उपभोक्ता समिति के लिए नए प्रोजेक्ट को लांच किया गया । इंजी.शरद कुमार सिंह मुख्य अभियंता पूर्वी गंगा , सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ.प्र. मुख्य अतिथि रहे ।उन्होंने उपस्थित कृषकों को समान रूप से सिंचाई करने के लिए बताया और जलस्त्रोतों की साफ सफाई हेतु सहयोग का आवाह्न किया । कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष गंभीर सिंह एवं कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह से डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा प्रोजेक्ट का एमओयू साइन किया गया । जिसमें एक वर्ष के दौरान जल उपभोक्ता समिति माइनर खानपुर नदी के संरक्षण व नदी तक सुचारू रूप से पानी जाने के रास्तों का खरखाव व उन्नत खेती की जानकारियों को इकट्ठा करना आदि सम्मिलित है ।डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया के डायरेक्टर नितिन कौशल ने समिति को आगामी एक वर्ष के दौरान किए जाने वाले कार्यों से अवगत कराते हुए बताया कि डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया द्वारा खानपुर जल उपभोक्ता समिति की परियोजना स्वीकृत की गई है समिति को सक्षम बनाने के लिये एलपीआई पार्टनरशिप कमेटी की तरफ से लीड पालिसी डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया प्रिया गुप्ता ने बताया की सहभागिता द्वारा ही समिति सशक्त बनेगी ।एसोसिएट डायरेक्टर रिवर्स एण्ड वेटलैंड अर्जित मिश्रा ने समिति को विविध कार्यो की जानकारी दी ।

सीनियर कोआर्डिनेटर रिवर्स बेसिन मेनेजमेंट राजेश बाजपेई ने नहर कमांड में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया की कैसे पिछले 6 वर्षो से पानी को बचाकर करुला नदी में डाला जा रहा है कार्यक्रम में डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया से डायरेक्टर नितिन कौशल, प्रोजेक्ट ऑफिसर पंकज दिवाकर, विनय कुमार, अनार सिंह यादव, सिंचाई विभाग से अधिशासी अभियंता आर पी सिंह , सहायक अभियंता कुलदीप सिंह , जू.इं. विरेन्द्र सिंह, पंकज भारद्वाज, कैलाश चन्द्र, ग्राम प्रधान गंगाधरपुर मनोज कुमार, ग्राम प्रधान खानपुर गौतम सिंह , जागरुक किसान एवं डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया की टीम एवं गाँव से महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्य उपस्थित रहीं ।बाक्स बनाएं।

## खुलेआम बिक रही शहर में ओवररेट शराब

**जहांगीराबाद**। हाल ही में शराब के नए ठेके आवंटित हुए हैं। नया नया व्यवसाय शुरू होते ही ओवररेट की घटनाएं सामने आने लगी। ताजा प्रकरण जहांगीराबाद के नई मंडी, एक्सिस बैंक के नजदीक स्थित एक ठेके का हैं। जहां सेल्समैन रात्रि 10 बजे के बाद भी बगैर हिचकिचाहट के ओवररेट शराब बेच रहा था। वायरल वीडियो के बाद आबकारी इंस्पेक्टर ने कार्रवाई की बात कही हैं।

शराब ओवररेट की घटनाएं आमतौर पर सामने आती रहती हैं। हालांकि आबकारी विभाग समय-समय पर अभियान चलाकर इनके लालचभरे मंसूबों पर पानी फेरने का भी काम करता हैं। इन दिनों एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं। वीडियो हाल ही में नई मंडी एक्सिस बिल्डिंग के समीप स्थित मॉडल शॉप नम्बर एक की हैं। जिसमें ग्राहक बनकर पहुंचा एक व्यक्ति सेल्समैन से रात्रि 10 बजे के बाद बीयर खरीदने की बात रखता हैं। उसके बाद सेल्सकर्मी 10 रुपये प्रति बीयर अतिरिक्त ग्राहक से मांग करता हैं तो ग्राहक उससे सवाल करने लग जाता हैं। सवाल के जवाब में सेल्समैन ओवरटाइम के चलते शराब ओवररेट बेचने की बात कहता हैं। ग्राहक हालांकि इस सबके बाद भी बीयर खरीदकर भी ले आता हैं।

# राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह ने दिया बी.एस.ए. कॉलेज के विकास को आश्वासन

वेलकम इंडिया



**मथुरा**। बी.एस.ए. कॉलेज, मथुरा के विकास को लेकर आज एक महत्वपूर्ण पहल हुई जब कॉलेज के प्रोफेसरों व समाजसेवियों के प्रतिनिधिमंडल ने प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा के निर्देशन में माननीय राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह जी से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात में कॉलेज में शिक्षा, अनुसंधान व आधारभूत संरचना के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। प्रोफेसरगण डॉ. बबीता अग्रवाल , डॉ. बी.पी. राय, डॉ जसवंत सिंह, डॉ. रवीश शर्मा, डॉ. बी.के. गोस्वामी, डॉ. यू.के. त्रिपाठी,डॉ. मुकेश चंद्र, डॉ. काशदेव, डॉ. धर्मेंद्र और डॉ. वारिश ने महाविद्यालय की जरूरतों को सांसद के समक्ष विस्तार से रखा। प्रतिनिधिमंडल में समाजसेवी वरिष्ठ भाजपा नेता अमित चौधरी, हरीश शर्मा, अश्विनी गर्ग, शैलेश मिश्रा, शिवकुमार जी भी सम्मिलित रहे। इस अवसर पर माननीय राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह जी ने उत्साहवर्धक वचन देते हुए कहा कि बी.एस.ए. कॉलेज केवल मथुरा ही नहीं, बल्कि पूरे ब्रज क्षेत्र की शैक्षणिक पहचान है।विद्यार्थियों की आकांक्षाओं, प्रोफेसरों के शोध प्रयासों और महाविद्यालय की गरिमा को बढ़ाने के लिए मैं पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करूंगा। सांसद निधि से शीघ्र ही विकास कार्यों की शुरूआत करवाई जाएगी ताकि छात्रों को एक श्रेष्ठ शिक्षण वातावरण प्राप्त हो सके।झ उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय की लाइब्रेरी, विज्ञान प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लासरूम्स, छात्र-छात्राओं के लिए बैठने की व्यवस्था, खेलकूद की सुविधाएं एवं तकनीकी संसाधनों को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जाएगा। यह समाचार न केवल बी.एस.ए. कॉलेज के छात्रों के लिए हर्ष का विषय है, बल्कि यह स्पष्ट संकेत है कि उच्च शिक्षा के विकास में अब जनप्रतिनिधियों की सक्रियता बढ़ रही है। यह मुलाकात निश्चित ही आने वाले समय में कॉलेज के नव निर्माण की आधारशिला बनेगी। इस खबर के सामने आते ही छात्रों में एक नया जोश दिखाई दिया। उन्हें यह महसूस हुआ कि उनके भविष्य की चिंता करने वाले केवल शिक्षक ही नहीं, बल्कि उनके लिए संसद तक आवाज उठाने वाले जनप्रतिनिधि भी हैं।

## खड़ंजा मार्ग जर्जर, पक्की सड़क बनवाने की मांग



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर/ खानपुर** विकासखंड ऊंचागांव क्षेत्र के अमरपुर गांव में जर्जर खड़ंजा मार्ग जनप्रतिनिधियों व संबंधित अधिकारियों से जर्जर खड़ंजा को सड़क निर्माण में कराने की मांग की है। क्षेत्र के अमरपुर गांव में मुख्य चौराया से होते हुए खानपुर मार्ग पक्की सड़क तक जाने वाला खड़ंजा मार्ग उजड़ कर जर्जर हो गया है। मार्ग जर्जर होने से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अनुज शर्मा, राकेश सिंह, प्रमोद शर्मा मनीष आदि ग्रामीणों ने बताया कि यह खड़ंजा मार्ग खानपुर-बसी बांगर व अमरपुर- नरसेना मार्ग को जोड़ता है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं सहित राहगीरों का आवागमन बना रहता है। मार्ग जर्जर होने से राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। खड़ंजा मार्ग के दोनों तरफ गंदगी फैली रहती है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों व संबंधित अधिकारियों से खड़ंजा मार्ग को पक्का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

# सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च मथुरा में गुड फ्राइडे का पर्व मनाया

वेलकम इंडिया



**मथुरा**। यीशु मसीह परमेश्वर के पुत्र थे। आज के दिन ही उन्हें क्रॉस पर लटकाया गया था। इस दिन जीवनभर लोगों में प्रेम और विश्वास जगाने वाले प्रभु यीशु को याद किया जाता है और उनके उपदेशों को सुनाया जाता है।

सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च में पास्टर इंचार्ज रेव्ह.श्रीपाल के द्वारा गुड फ्राइडे का संदेश दिया गया । लोगों को बताया गया कि उस समय प्रभु यीशु मसीह ने कैसा महसूस किया गया होगा जब उनको क्रूस पर लटकाया गया था ,उनकी संवेदना ओं को व्यक्त किया गया। बाइबल फाउंडेशन के कोर्डिनेटर व सदभावना फाउंडेशन अध्यक्ष मनीष दयाल ने कहा गुड फ्रायडे एक ऐसा दिन जब यीशु मसीह ने लोगों के लिए बलिदान देकर निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रभु यीशु मसीह ने जब उनको क्रूस पर लटकाया गया था तो उन्होंने क्रूस पर से सात वचन बोले थे ।उन सात वचनों पर क्रमशः निम्न वक्ताओं ने लोगों के समक्ष अपने विचार रखें ईडी सिंह, पीपी चंद, आभा दयाल, राजमसीह, हिमांशु सिंह, अरूणा, रेव्ह श्रीपाल। पहला वचन-हे पिता इन्हें क्षमा कर क्योंकि यह नहीं जानते कि यह क्या करते हैं।दूसरा वचन- आज ही तू मेरे साथ स्वर्ग लोक में होगा। तीसरा वचन -हे नारी देख यह तेरा पुत्र है।चौथा वचन -हे मेरे परमेश्वर तूने मुझे क्यों छोड़ दिया। पांचवा कलमा -मैं प्यासा हूं। छठा वचन -पूरा हुआ और अंतिम सातवां वचन- हे पिता में अपनी आत्मा तेरे हाथ में सौंपता हूं। गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए लोगों ने भजन गाए और प्रार्थनाएं करीं और उस दिन को याद किया जब प्रभु यीशु मसीह को सली पर टांगा गया था क्रूसीफाई किया गया था। प्रार्थना सभा में एम सोलोमन, रबैका,जैरेश,बी लाल, अनिल, अनीता, विकास, रितेश, शबनम, हैनसन, माग्रेट, शोभा, अभिषेक, निखिल, अनुग्रह, प्रशांत, रेजी विलियम,मितेश के साथ बहुत बड़ी संख्या में ईसाई धर्म के अनुयायीयों ने सहभागिता करी।

# समाजसेवी वीरेंद्र गर्ग को अर्पित की श्रद्धांजलि



वेलकम इंडिया

**जहाँगीराबाद**। शुक्रवार को नगर के समाजसेवी व दवा कारोबारी वीरेंद्र गर्ग की अरिष्टि के अवसर पर नेताओं, समाजसेवियों सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। नई मंडी के सामने स्थित आर सी फार्म हाउस में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक संजय शर्मा ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और अपने अभियान के तहत दिवंगत आत्मा की स्मृति में उनके परिवार को एक पौधा भी भेंट किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक होशियार सिंह, नगर पालिकाध्यक्ष किशनपाल सिंह लोधी कृष्णकांत वार्ष्णेय विनय अग्रवाल, राजेश गर्ग, किंशुक बंसल, अश्वनी, जयेश अग्रवाल व गौरव बंसल आदि समेत सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# नगर के सरस्वती विद्या मंदिर में कृष्ण चन्द्र गांधी खण्ड का लोकार्पण

वेलकम इंडिया



**जहांगीराबाद**। नगर के अहार रोड स्थित प्रह्लाद स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कृष्ण चन्द्र गांधी खण्ड का लोकापर्ण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए अखिल भारतीय विद्या भारती के सह संगठन मंत्री यतीन्द्र ने फीता काटकर व शिलापट का अनावरण कर नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। विद्यालय की प्रबंध समिति ने बुके देकर मुख्य और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। शुक्रवार को विद्यालय में हवन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विद्या भारती के सह संगठन मंत्री यतीन्द्र, विशिष्ट अतिथि विद्या भारती क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू व प्रान्त संगठन मंत्री प्रदीप कुमार शामिल हुए।

## सात वर्षीय मासूम बच्ची के साथ नाबालिक किशोर ने किया दुष्कर्म आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के खुदादिया गांव में नाबालिक किशोर ने 7 वर्षीय मासूम के साथ रेप की घटना को दिया अंजाम। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबालिक किशोर 7 वर्षीय मासूम बच्ची को बहला फुसलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ कमरे में दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया।

बच्ची के परिजनों ने नाबालिक किशोर पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक ने बताया है कि 7 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ नाबालिक किशोर ने रेप की घटना को अंजाम दिया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है ।बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

# वरींन शिप मैनेजमेंट - जहां इंसानियत, सेवा और समर्थन है प्राथमिकता

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर** : विकेश उपाध्याय सिर्फ एक कंपनी के डायरेक्टर नहीं हैं, बल्कि वो वो मार्गदर्शक हैं जो अपने हर कर्मचारी को परिवार का हिस्सा मानते हैं। उनका मानना है झ ₹कर्मचारी सिर्फ काम करने वाले हाथ नहीं होते, वो सपनों को पूरा करने वाले लोग होते हैं झ और उन सपनों को साकार करने की ज़िम्मेदारी हमारी भी है ।₹ नितिन राजपूत जैसे युवाओं को जब जीवन में दोराहा मिलता है झ एक तरफ सपनों का संसार, दूसरी तरफ परिवार की ज़िम्मेदारियाँ झ तब ऐसे युवाओं को सहारा देने के लिए जो हाथ बढ़ता है, वो हाथ विकेश उपाध्याय का है। विकेश उपाध्याय ने सिर्फ नितिन को नौकरी नहीं दी झ उन्होंने उसे एक नई उम्मीद, एक नया हौसला और विश्वास दिया कि जो इंसान अपने परिवार के लिए अपने सपनों को कुर्बान कर सकता है, उससे बड़ा योद्धा कोई नहीं। उनकी कार्यशैली में अनुशासन है, पर साथ में अपनापन भी। जहाँ हर स्टाफ को यह महसूस होता है कि ₹मैं इस कंपनी का हिस्सा नहीं, बल्कि इसका हृदय हूं ।₹ नितिन जैसे कितने ही युवाओं को उन्होंने न सिर्फ मौका दिया, बल्कि उन्हें मानसिक और भावनात्मक स्तर पर भी मजबूत बनाया। उनकी सोच यही रही है कि कंपनी तभी आगे बढ़ती है, जब उसके लोग दिल से जुड़ते हैं। अमोल गोसावी झ वो नाम जो मुंबई जैसे महानगर में ₹पिता-सा सहारा₹ है। जब आप किसी बड़े शहर में अकेले होते हैं, तो सबसे ज्यादा जरूरत होती है झ किसी अपने कीङ्घ कोई ऐसा जो बिना शर्त, बिना अपेक्षा मदद करे। और अमोल गोसावी बिल्कुल वैसे ही इंसान हैं।

# विधायक विनोद भयाना ने चनत गांव में 20 लाख की लागत से बनने वाली 6 एकड़ लंबी, 10 फुट चौड़ी गली के निर्माण कार्य किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** विधायक विनोद भयाना ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्माण अधीन विकास कार्यों को तेजी से पूरा करवाना सुनिश्चित करें ताकि हल्के में विकास की गति और तेज हो सके। श्री भयाना ने चनत गांव में लगभग 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 6 एकड़ लंबी तथा 10 फुट चौड़ी गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के उपरांत निर्माण कार्यों से जुड़े विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारी को दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि हल्के में जो विकास कार्य शुरू किया जाए उसका निर्माण कार्य हर हाल में निर्धारित समय अवधि के अंदर पूरा होना चाहिए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी एवं लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इसके साथ-साथ नई विकास परियोजना की कार्य योजना भी तैयार करें ताकि इन्हें सिरे चढ़ाकर जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवा कर उनके जीवन को और सहज एवं सरल बनाया जा सके। विधायक ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान चनत गांव के लोगों ने इस कच्चे रास्ते को पक्का करवाने की मांग की थी ।आज इस रास्ते का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया है। आगामी दो- तीन माह के अंदर इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। यह गली इंटरलॉकिंग पवर ब्लॉक से बनाई जाएगी। इस विकास कार्य पर लगभग लगभग 20 लाख रुपए की धनराशि खर्च होगी। ग्रामीण बोल , अब खेत में भी पक्की गली से होकर जाएंगेः ग्रामीणों ने कहा कि विधायक विनोद भयाना इस गली का निर्माण करवा कर बहुत ही बढ़िया काम किया है। यहां कच्चा रास्ता था , वह भी समतल नहीं था जिसे खेतों में जाने में असुविधा होती थी। बहुत ही खुशी की बात है कि अब खेतों में भी पक्की गली से होकर पहुंचेंगे। इस दौरान विधायक ने लोगों की समस्याओं को भी सुना और कहा कि हर समस्या का समाधान हर हाल में करवाया जाएगा। यह लोग रहे मौजूदः इस अवसर पर गांव के सरपंच हिमांशु, जे ई दीपक, पूर्व सरपंच राम मेहर ,नरेंद्र दूहन,पूर्व नगर परिषद प्रधान प्रतिनिधि विनोद सैनी ,सुभाष दूहन, बलजीत दूहन विनोद, विधायक के निजी सचिव रवि अरोड़ा, दीपक सुलतानपुर तथा क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# श्री अग्रसेन धाम कुंडली ने किया मेयर राजीव जैन और विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता का अभिनंदन

वेलकम इंडिया



**सोनीपत, हरियाणा। विवेक जैन।** कुंडली स्थित श्री अग्रसेन धाम में सोनीपत के नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन, दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, अग्रसेन हॉस्पिटल पंजाबी बाग की अध्यक्षा मीना सुभाष गुप्ता, अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि अनिल अग्रवंशी का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। अग्र केसरी महाकुटुंब अन्तर्राष्ट्रीय ट्रस्ट के राष्ट्रीय चेयरमैन जगदीश राय गोयल ने कहा कि राजीव जैन का मेयर निर्वाचित होना वैश्य अग्रवाल समाज व पूरे क्षेत्र लिए गर्व का विषय है। श्री गोयल ने बताया कि श्री अग्रसेन धाम को आरंभ से ही श्री जैन का सहयोग मिलता रहा है। अग्र केसरी महाकुटुंब अन्तर्राष्ट्रीय ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि श्री बालाजी जन्मोत्सव की पावन बेला पर समाज में शीर्ष नेतृत्व कर रहे मुख्य राजनेताओं का नागरिक अभिनंदन करते हुए हम सभी गौरवान्वित है। इस अवसर पर कुंडली स्थित मंदिर में बालाजी जन्मोत्सव का कार्यक्रम परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मेयर राजीव जैन ने बालाजी महाराज की पूजा अर्चना करके उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। समारोह में दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर विजेंद्र गुप्ता ने उम्मीद जताई कि श्री अग्रसेन धाम के निर्माण से हरियाणा की सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार होगा और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने मंदिर के बाहर प्रस्तावित दिल्ली मेट्रो और आरआरटीएस के स्टेशन का नाम श्री अग्रसेन धाम रखने की मांग मेयर राजीव जैन एवं दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता जी के सम्मुख रखी। श्रोताओं को संबोधित करते हुए श्री जैन ने कहा कि दिल्ली एनसीआर में अग्रकुल प्रवर्तक महाराज अग्रसेन और कुलदेवी माता लक्ष्मी के भव्य मंदिर का निर्माण पूरे अग्रवाल समाज के लिए गौरव का विषय है।

# डीएम ने दस महीने के कार्यकाल में विभिन्न विकास कार्यों से जनपद को निखारने का किया काम

**वेलकम इंडिया**

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी राजा गणपति आर के दस माह के कार्यकाल में उपलब्धियों में शहर का खजुरिया और अशोक मार्ग का चौड़ीकरण है। पहली बार जहां कालानमक चावल-विक्रेता सम्मेलन आयोजित हुआ, वहीं दूसरी तरफ पूरे प्रदेश में सिद्धार्थनगर में हुए कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम को मॉडल बनाते हुए लागू किया। जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 ने बताया कि लगभग 10 माह के कार्यकाल में पांच पीएचसी नौगढ़, डुमरियागंज, भनवापुर, कठमोरवा का जर्जर भवन तोड़कर नया निर्माण अन्तिम चरण में है। शहर में सकरी के रूप में पहचान बन चुकी खजुरिया मार्ग का 6.05 करोड़ की लागत से चौड़ीकरण और नया निर्माण, दो करोड़ की रोशनी के साथ 10 करोड़ का



अशोक मार्ग आर्थिक गलियारा निर्माण और फोरलेन सड़क, जिले के 12 सहकारी समितियों के भवनों का निर्माण, बढ़नी क्षेत्र में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए 6.5 करोड़ की लागत से मछली मंडी का निर्माण, 11 सीएचसी का नवीकरण, 12 ग्रामीण स्टेडियम और 13 पार्क का निर्माण गतिमान है।इसके अलावा 140 ओपन जिम, 280 पुस्तकालय का निर्माण अन्तिम चरण में है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित उद्यान पार्क का सौंदर्यीकरण, कलेक्ट्रेट का मुख्य गेट, प्रकाश, पुस्तकालय, जिले में 511 अन्नपूर्णा भवन निमार्णाधीन, 500 एमडीएम शेड, 11 योग मुद्रा का निर्माण, 15 जून तक बांसी में काशीराम आवास के तहत 392 आवास का आवंटन, बांसी में शीतलगंज पोखरा का निर्माण, सीएसआर फंड से बर्डपुर के अलीदापुर में मॉडल इन्टर कॉलेज, सीआरएस से ही कपिलवस्तु में प्रकाश और ध्वनि शो स्थापित करने की कवायद, दुश्मन की सम्पत्ति की भूमि सहित 600 बीघा अवैध भूमि सरकारी कब्जे में करने की कार्रवाई, 26 सहकारी समितियों के भवन का नवीकरण। ब्लॉक और डीएचएस में मातृ मृत्यु दर को नियन्त्रित करने के लिए वार रूम की स्थापना के साथ ही सोसाइटी के रूप में सिद्धार्थ के विकास और सिद्धार्थ मत्स्य विकास बोर्ड का गठन, निकायों में सम्पत्ति रजिस्टर बनाने की पहल, शोहरतगढ़ में मछली मण्डी के लिए 07 करोड़ की मंजूरी भी शामिल है। जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 ने बताया कि नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर समेत सभी 11 निकायों में वाटर लागिंग की समस्या से निजात दिलाने के लिए 17 करोड़, मझौली, मरथी आदि जैसे 10 सागरों के सागर माला सर्किट, भारत-नेपाल सीमा प्रस्ताव में 60 करोड़ का प्रस्ताव शासन में स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

# कैंट बोर्ड द्वारा बनाए गए पार्क को क्षतिग्रस्त करने में लगे अवैध पशु डेयरी संचालक, झूला टूटा पड़ा

**वेलकम इंडिया**

**उज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार ।** मेरठ। कैंट बोर्ड की भूमि पर अवैध कब्जा कर अवैध पशुओं की डेयरी संचालकों हटाने के लिए राजस्व विभाग द्वारा अवैध पशुओं को हटाने को लेकर नोटिस जारी किए जा चुके हैं हालांकि कैंट बोर्ड की चेतावनी का कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है सदर धर्म पुरी में अवैध पशुओं की डेयरी संचालक के द्वारा पशुओं को खुला छोड़ दिया जाता है जिससे आवारा पशुओं से दुर्घटना व घरों के आंगन में लगे पेड़ पौधों को क्षतिग्रस्त होने की शिकायते आ रही है लेकिन पशु संचालकों को इसका कोई असर नहीं पड़ता है। वार्ड नंबर छः में मौहल्ला धर्म पुरी में में मौहम्मद शफीक व उसके पुत्रों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ है और अवैध पशुओं डेयरी बेखौफ




चलाई जा रही है तमाम गंदगी से मक्खी मच्छरों का प्रकोप फैल रहा है इनके विरुद्ध आस-पास के लोग कैंट बोर्ड से बराबर शिकायत कर रहे है। शिकायत कर्ता ने बताया इन लोगों ने कैंट बोर्ड की भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ था जिसमें एक बड़े हिस्से पर मुतवल्ली फारूक व अन्य से भूमि कैंट बोर्ड ने कब्जा मुक्त करवाई गई थी तथा अब वहां बड़ा पार्क निर्माण किया गया वहीं इसके दुसरे भाई से भूमि कब्जा मुक्त नहीं करवाई गई है। आरोप है कि इनके द्वारा पार्क को जानबूझकर क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। वहीं पार्क में लगे एक बड़ा झूला तोड़ा गया है।

# राघव के शतक से जीती एलिट एकेडमी

**वेलकम इंडिया**

**मेरठ** के दिल्ली पब्लिक स्कूल के ग्राउंड पर एलिट क्रिक्रेट एकेडमी और डी.पी. एस एकेडमी के बीच खेला गया जिसमें एलिट एकेडमी ने 10 विकेट से जीत दर्ज की। एलिट क्रिक्रेट एकेडमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। डी.पी. एस एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 28 ओवर में 175 रन बनाए जिसमें यश ने 48 ध्रुव ने 24 रन बनाए ।एलिट की तरफ से गेंदबाजी में पार्थ ने 4 आयुमन ने 3 व श्याम ने एक विकेट लिया। बल्लेबाजी में एलिट ने बिना कोई विकेट खोए 10 विकेट से मैच जीत लिया जिसमें राघव ने नाबाद 100 रन तथा युवराज ने नाबाद



47 रन बनाए। राघव की इस पारी के लिए कोच नितिन चौधरी व अखिल कुमार ने बधाई दी।

# सुंदर युवती दिखाकर करा दिया निकाह, विदाई के वक्त दुल्हन का चेहरा देख दूल्हे के पैरों तले खिसक गई जमीन

**वेलकम इंडिया**

**उज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जनपद से पैरों तले जमीन खिसकने वाला एक मामला सामने आया है।एक युवक ने अपनी ही भाभी और भाई पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। उसके भाई और भाभी ने मिल कर धोखे से उम्रदराज विधवा महिला से शादी करा दी और विरोध करने पर गंभीर मुकदमो में फंसाने की बात बताई है।

मामला ही कुछ ऐसा है, क्योंकि युवक को निकाह के लिए बेटी दिखाई और फिर उस बेटी की विधवा मां से निकाह करा दिया।युवक को जब पता चला कि उसका विधवा महिला से निकाह जबरन करा दिया तो उसने पुलिस का दरवाजा खटखटाया है। पुलिस इस बात को सुनकर हैरान रह




गई कि बेटी की बजाय मां से निकाह मेरठ के ब्रहमपुरी थाना क्षेत्र के मुमताज नगर का है। वह रहने वाला अजीम मजदूरी करता है। अजीम का आरोप है कि उसकी भाभी शायदा ने अपनी विधवा बहन ताहिरा की बेटी मनतशा से निकाह कराने की बात कही थी एक दूसरे से मुलाकात भी कराई गई 31 मार्च को फाजलपुर में अजीम का निकाह करा दिया गया और उससे निकाह नामा पर साइन भी करा लिए गए। निकाह के बाद जब अजीम ने अपनी पत्नी को देखा तो पता चला कि जिस लड़की मनतशा से निकाह कराने की बात तय हुई थी, वो लड़की नहीं बल्कि उसकी मां ताहिरा थी। इसको देखकर अजीम के पैरों तले जमीन निकल गई। अजीम का कहना है कि उसके भाई और भाभी ने उसके साथ धोखा किया है। अजीम का निकाह जिस महिला ताहिरा से कराया गया, उसकी उम्र करीब 45 साल बताई जा रही है। जबकि अजीम की उम्र 24 साल है। अपनी से दोगुनी उम्र की महिला से निकाह होने से अजीम परेशान है। उसका कहना है कि जिस महिला से मेरा निकाह कराया गया, उसकी बेटी मनतशा से निकाह तय कराया गया था, लेकिन उसके साथ धोखा किया गया है। उसका यह भी आरोप है कि उसपर साथ रहने का दबाव बनाया जा रहा है। अजीम ने इसकी शिकायत पहले ब्रहमपुरी थाने में की लेकिन जब कोई समाधान नहीं निकला तो उसने फिर एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। और अपनी आपबीती बताई। अजीम से निकाह करने वाली महिला ताहिरा उसके साथ ही रहने की जिद पर अड़ी हुई है, जबकि अजीम का कहना है कि वो उसके साथ रहना ही नहीं चाहता, क्योंकि उसका धोखे से निकाह कराया गया है। अजीम ने अपने भाई नदीम और भाभी शायदा के खिलाफ भी शिकायत की है। उसका आरोप है कि उसे धमकियां भी दी जा रही है। अजीम के शिकायत पत्र पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एसपी सिटी मेरठ आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि अजीम का शिकायती पत्र और कुछ कागजात आए है। जिसकी जांच की जा रही है।

# शराब के नशे में सड़क पर लड़खड़ाता दिखा सिपाही

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर में सोशल मीडिया पर सिपाही की वीडियो वायरल होने से यूपी पुलिस पर उठ रहे हैं सवाल सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है सिपाही की लड़खड़ाती हुई वीडियो आखिरकार वर्दी पहने हुए और हाथ में राइफल लेकर शराब के ठेकों पर कैसे पहुंच जाती है यूपी पुलिस के सिपाही पैरों में चप्पल और हाथों रायफल लिया दिखा सिपाही समाज की सुरक्षा ऐसे करेंगे बिजनौर के ये सिपाही ट्रैफिक सिपाही नशेड़ी सिपाही को उठाता आया नजर नशेड़ी सिपाही का वीडियो वायरल थाना बिजनौर कोतवाली शहर के जजी चौक की घटना



# रेलवे बोर्ड नई दिल्ली से एडिशनल मेम्बर मनु गोयल का लखनऊ आगमन

**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली से एडिशनल मेम्बर (एल्ललट), मनु गोयल का उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के लखनऊ स्थित चारबाग रेलवे स्टेशन पर आगमन हुआ। विदित हो कि आज ही के दिन मनाए जाने वाले विश्व हेरिटेज दिवस के तत्वाधान में लखनऊ मंडल की एल्ललट शाखा द्वारा मंडल की समृद्ध और बहुमूल्य विरासत को प्रदर्शित करने वाली एक हेरिटेज गैलरी का आयोजन चारबाग स्टेशन पर किया गया है।

अपने आगमन के इस अवसर पर एडिशनल मेम्बर (एल्ललट) ने मंडल रेल प्रबंधक, एस.एम. शर्मा एवं अन्य अधिकारियों के साथ इस हेरिटेज गैलरी का अवलोकन किया तथा इसके उपरांत उन्होंने चारबाग स्टेशन का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने लखनऊ स्टेशन पर वर्तमान समय में चल रहे सभी पुनर्विकास कार्यों की जानकारी



प्राप्त करते हुए इन सभी कार्यों को गहनता से परखा। उन्होंने इन सभी विकास कार्यों को निर्धारित समय पर उच्च गुणवत्ता के साथ समाप्त करने की बात को प्रमुखता से कहा एवं इस विषय में अपने आवश्यक निर्देश पारित किए। इसके साथ ही उन्होंने स्टेशन पर उपलब्ध सभी व्यवस्थाओं का निरंतर आधुनिकीकरण करने तथा इनमें वृद्धि करने की बात कही। इसके अतिरिक्त इस दौरान उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक बैठक की, जिसमें उन्होंने लखनऊ स्टेशन की महत्ता का उल्लेख करते हुए स्टेशन पर प्रगतिशील विकास कार्यों की समीक्षा की एवं अन्य भावी परियोजनाओं एवं बिंदुओं पर मंत्रणा की। आज के इस निरीक्षण कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक, नीलिमा सिंह, विभिन्न विभागों के शाखाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी, फछऊअ के अधिकारी तथा अन्य कर्मचारी सम्मिलित हुए।

# लॉर्ड महाकालेश्वर इंटर कॉलेज में आज निशुल्क प्याऊ का उद्घाटन किया गया है




**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** श्री सालासर बालाजी महाराज भक्त मंडल महिला शाखा झांसी तत्वाधान में लॉर्ड महाकालेश्वर इंटर कॉलेज में आज निशुल्क प्याऊ का उद्घाटन किया गया है जिससे कि भीषण गर्मी में आम जनमानस को ठंडा पानी मिल सके ॠतथा राहगीर अपने प्यास बुझा सकेॠ इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्यों ने राहगीर को अपने हाथों से जल पिलाया ॠ संस्था द्वारा विगत कई वर्षों से लॉर्ड महाकालेश्वर इंटर कॉलेज में निशुल्क प्याऊ लगाया जाता हैॠ इस अवसर पर श्री वीरेंद्र दीक्षित जी कुलदीप खरे की सदानंद तिवारी बृज किशोर द्विवेदी जितेंद्र त्रिवेदी अंकुर राज सुधा चौधरी चंचल साहू प्रियंका खरे रैना शर्मा संजना विशाल गुप्ता, गीता गुप्ता अशोक गुप्ता, रैना,इत्यादि उपस्थित रहे !

# 35 की उम्र के बाद भी मां बनने की उम्मीद देता है आईवीएफ

**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** आजकल बहुत सी महिलाएं 30 की उम्र के बाद मां बनने का सोचती हैं। इसकी वजह कई हो सकती हैं झ जैसे करियर, पैसों की प्लानिंग, देर से शादी या फिर अपनी मजी। लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे प्रेगनेंसी को लेकर चिंता भी बढ़ती है। 35 के बाद ज्यादातर महिलाएं सोचती हैं झ क्या आईवीएफ से अब भी बच्चा हो सकता है? इस सवाल को लेकर बहुत सी गलतफहमियां हैं हकीकत ये है कि 30 की उम्र के बाद महिलाओं के अंडों की संख्या और क्वालिटी धीरे-धीरे घटने लगती है, और 35 के बाद ये गिरावट और तेज हो जाती है। 40 के बाद नेचुरल प्रेग्नेंसी मुश्किल हो जाती है। ऐसे में आईवीएफ यानी इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन एक महत्वपूर्ण उपाय बन जाता है। अच्छी बात ये है कि 35 की उम्र के बाद भी अगर सही समय पर आईवीएफ शुरू किया जाए तो मां बनने की अच्छी संभावना रहती है। आज



भारत में हजारों महिलाएं 35 से 40 की उम्र में आईवीएफ से स्वस्थ बच्चे को जन्म दे चुकी हैं।

डॉ. नीलम बनर्जी, जो यथार्थ अस्पताल, ग्रेटर नोएडा में सीनियर कंसल्टेंट और आईवीएफ हेड ऑफ डिपार्टमेंट हैं वो कहती हैं, ₹35 की उम्र के बाद मां बनना मुश्किल जरूर हो सकता है, लेकिन नामुमकिन नहीं। सही समय पर जांच और इलाज शुरू किया जाए, तो आईवीएफ से मां बनने की संभावना बहुत बढ़ जाती है। हमें यह समझने की जरूरत है कि प्रजनन क्षमता ह+मेशा एक जैसी नहीं रहती, इसलिए देर करने से बेहतर है कि समय पर कदम उठाया जाए।

# पत्नी की बेवफाई से टूटे आरिफ को किया गया सुपुर्द-ए-खाक, परिजनों ने की दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा जिला रामपुर।** मुंबई में आत्महत्या करने वाले दढ़ियाल निवासी आरिफ का शव गुरुवार देर रात एंबुलेंस से उसके पैतृक कस्बे पहुंचा। शव देखकर परिजन बिलख उठे। मां जेबुन्निसा की हालत बेहद नाजुक हो गई। शुक्रवार तड़के काशीपुर मार्ग स्थित कब्रिस्तान में सोगवारों की मौजूदगी में आरिफ को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। टांडा थाना क्षेत्र के कस्बा दढ़ियाल के रहने वाले आरिफ पुत्र रईस बीते पांच वर्षों से मुंबई के मलाड मलोनी क्षेत्र में फर्नीचर का कार्य कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। वे अपनी



पत्नी जेबा और दो वर्षीय बेटे के साथ वहीं रह रहे थे। मंगलवार शाम उनका शव एक पेड़ से लटका मिला, जिसकी सूचना पर यहां परिजनों समेत क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मौत से पूर्व आरिफ ने दो वीडियो जारी कर अपनी पत्नी जेबा और उसके कथित प्रेमियों कासिम (मुंबई निवासी) और फैजान (रामपुर निवासी) पर गंभीर आरोप लगाए। वीडियो में उन्होंने बताया कि पत्नी के अवैध संबंधों से मानसिक रूप से परेशान होकर वह आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठा रहे हैं।

आरिफ ने करीब सात वर्ष पूर्व कुरैशी बिरादरी की जेबा से प्रेम विवाह किया था, जबकि वह स्वयं तेली बिरादरी से था। विवाह के बाद से ही वह मुंबई में मेहनत-मजदूरी कर अपने छोटे से परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। परिजनों का कहना है कि पत्नी की बेवफाई और उपेक्षा ने आरिफ को मानसिक रूप से तोड़ दिया। मृतक के भाई तालिब ने जानकारी दी कि घटना की सूचना सबसे पहले उनके मौसेरे भाई रिजवान ने दी, जो मुंबई में आरिफ के साथ रह रहा था। परिवार द्वारा घटना की रिपोर्ट मुंबई पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। परिजनों ने बताया कि आरिफ, रईस के छह बेटों में पांचवें स्थान पर था। शव की स्थिति को देखते हुए उसे शुक्रवार तड़के ही सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।परिजनों और कस्बेवासियों ने मामले की निष्पक्ष जांच के साथ ही आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# वार्ड सभासदों को गिला व सूखा कूड़ा अलग अलग कर 100 हरे व 100 नीले रंग के कूड़ेदान ईओ संदीप सक्सेना ने वितरित किये

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**नगीना।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत गिले व सूखे कूड़ेदान कूड़े को प्रोत्साहित करने के लिए नगर पालिका ईओ के सहयोग से सभासदों के माध्यम से अपने अपने वार्ड में हरे व नीली कलर के बाल्टीनुमा कूड़ेदान वितरित किए गए।बृहस्पतिवार को आयोजित नगर पालिका परिषद कार्यालय में ईओ संदीप सक्सेना की मौजूदगी में हुई एक बैठक जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर वासियों को प्रोत्साहित करने के लिए नगर पालिका योग के सहयोग से सभासदों के माध्यम से अपने-अपने



वार्डों में 100 गिले कूड़े की हरी बाल्टिनुमा कूड़ेदान व 100 सूखे कूड़े की नीली बाल्टियां वार्ड सभासदों को वितरित की गई ईओ ने कहा कि यह बाल्टियां लोगों को गिला व सूखा कूड़ा प्रोत्साहित करने के लिये वितरित कर सभी अपने अपने वार्ड सभासद वासियों को स्वयं पॉलीथिन या खुले में कूड़ा डालते हुए पकड़े जाने पर ऐसे लोगों का जुमार्ना काटकर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। उधर सफाई निरीक्षक एवं खाद्य निरीक्षक प्रभारी धीरज रॉय वर्मा ने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत गिला व सूखा कूड़ा अलग अलग कर उन्हें इन दो गीले व सूखे कूड़ेदानों में छांटकर ही डाले। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना, सफाई निरीक्षक धीरज रायवर्मा, चेयरपर्सन पुत्र शेख शीराज खलील, फहाद, लोकेन्द्र कुमार, रोहित कुमार सहित नगर के वार्ड सभासद नूर मोहम्मद, राजकुमार उर्फ जोनी, कपिल पवार, असलम, राफिया, एड.उस्मान, रोहित विश्नोई, आदि सभासदों ने मिलकर लाभार्थी रजाक आदि को नीला व सूखा कूड़ेदान वितरित किए।

# पॉलिटेक्निक डिप्लोमा कर रहे छात्र छात्राओं का किया गया उत्साह वर्धन

वेलकम इंडिया

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार ।** मेरठ गुरुवार को संस्था डीएन पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत अन्तिम वर्ष इलैक्ट्रीकल एवं मैकेनिकल के छात्र-छात्राओं को मर्सडीज बैज ऑफ एक्सीलेन्स एन०आई०ई०टी०ग्रेटर नोएडा की टीम द्वारा एडवांस डिप्लोमा इन आटोमोबाइल मैकाट्रोनिक्स (ए०डी०ए०एफ) से सम्बन्धित एक वर्षीय कोर्स के विषय में विस्तृत जानकारी देने हेतु संजय कुमार (जी०एम० इण्टरनेशनल आउटरिच) एवं शिव नारायण प्रजापति (लीड ट्रेनर) उपस्थित हुये। कार्यक्रम का शुभारम्भ सस्था प्रधानाचार्य वीरेन्द्र आर्य द्वारा अतिथियों को बुके देकर किया गया। इस अवसर पर मनोज कुमार वार्ष्णेय (विभागाध्यक्ष सिविल), नरेन्द्र कुमार (विभागाध्यक्ष विधुत), बी०पी० सिंह (विभागाध्यक्ष यांत्रिकी) एवं अन्य शैक्षिक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। आगन्तुक टीम द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को एडवांस डिप्लोमा करने के उपरान्त देश की प्रतिष्ठित कम्पनी में रोजगार प्राप्ति के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर मार्ग दर्शन किया। उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में सुखदेव शर्मा (नोडल अधि०टी०पी०ओ०) कुलदीप कौशिक, विशाल जैन, ममता रानी, रामदास, रमाशंकर, सत्यवीर, राकेश आदि का विशेष योगदान रहा।



# शराब ठेका स्वामी के साथ हुई लूटपाट में अभियोग दर्ज

वेलकम इंडिया



**कांधला।** शराब की दुकान बंद करके वापस घर लौट रहे संचालक को बाइक सवार हथियार बंद बदमाशों ने तंमचों के बल पर आंतकित कर हजारों रूपए की नगदी व सोने की चैन व अगंठी को लूटकर मौके से फरार हो गए। पीडित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामले में अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वही मामले में शुक्रवार को एसओजी की टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच तेज कर दी हे। थाना क्षेत्र के गांव लिसाढ निवासी गुलबीर मलिक उर्फ रोमी पुत्र देवेन्द्र सिंह के पास उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा गांव भभीसा में शराब की दुकान का अनुबंध है। रोजमर्रा की तरह गुलबीर मलिक उर्फ रोमी गुरूवार की रात्रि शराब की दकान बंद होने के बाद गुरूवार के कलेक्शन को एक बैग में रखकर बाइक से कस्लौबे में आ रहा था। गुलबीर मलिक ने बताया कि जैसे ही वह नगर के रेलवे फाटक के समीप पहुंचा तो अचानक पीछे से तेज गति से आई बाइक ने उसे ओवरटैक किया। जिस पर तीन नकाबपोश बदमाश बैठे थे। उसकी बाइक के सामने उन्होंने अपनी बाइक लगाते हुए उसे रोक कर तंमचों के बल पर आंतकित करते हुए उसका बैग छीनने का प्रयास किया। उसके विरोध करने पर उन्होंने तंमचे से उसके ऊपर हमला कर दिया, तथा उसका बैग जिसमें लगभग पचास हजार रूपए, पर्स जिसमें लगभग पच्चीस हजार रूपए, तीन तौले की सोने की चैन, एक सोने की अंगूठी के साथ अन्य कीमती सामान को लूटकर फायर करते हुए मौके से फरार हो गए।

# दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग पर घायल और बेहोशी की हालत में मिला युवक



वेलकम इंडिया

**कांधला।** दिल्ली सहारनपुर हाईवे मार्ग स्थित श्री बालाजी धर्म कांटा के पास एक घायल व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा मिला है। जिसकी सूचना रहागीरों ने पुलिस को दी। और सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल व्यक्ति को कस्बे के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है।

शुक्रवार को नगर के दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग के निकट श्री बाला जी धर्मकांटे के पास एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था। काफी देर तक युवक के होश में न आने पर आस पास के लोगो ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। राहगीर अरविंद कुमार नाम के व्यक्ति द्वारा बताया गया है कि बेहोशी की हालत में मिले युवक युवक का नाम आकाश है जो अपने आप को करनाल का निवासी बता रहा है। बेहोशी की हालत में मिले युवक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी मिले हैं। जिसे देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवक सड़क हादसे में घायल होने के बाद बेहोश हुआ है। फिलहाल पुलिस ने बेहोशी की हालत में मिले आकाश नाम के युवक को कांधला कस्बे के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कर दिया है। और मामले में आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

# किसान ने उगाई नई प्रजाति की गेहूं की फसल, प्रदेश भर से उमड रहे किसान

वेलकम इंडिया



**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी एक किसान ने अपने खेत पर गेहूं की नई प्रजाति की फसल तैयार की है। किसान की गेहूं की फसल अन्य गेहूं की प्रजाति से अलग है जिसकी क्षेत्र सहित अन्य प्रदेशों में भी प्रशंसा हो रही है और किसान की गेहूं की फसल देखने के लिए प्रदेश भर के किसान पहुंच रहे हैं। विकासखंड क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी किसान योगेश शर्मा ने बताया कि वह गांव का एक छोटा सा किसान है। किसान के अनुसार उसने अपने खेत में पूर्व में उगाई गेहूं की फसल में अनोखी प्रजाति की कई गेहूं की बेल नजर आई थी।

उसने गेहूं की फसल से अन्य प्रजाति की बेल अलग कर उसको बीज के रूप में तैयार किया। और फिर उसको अपने खेत में खाद बीज के साथ कई माह तक तैयार किया। और जब किसान ने अपनी मेहनत और लगन के साथ अपने खेत में गेहूं की नई प्रजाति का बीज बिखारे तो उसके खेत पर सब किसानों से अलग गेहूं की फसल तैयार हुई। सबसे अलग गेहूं की फसल तैयार होने पर जनपद भर के किसान देखने के लिए पहुंचे तो जिसकी चर्चा प्रदेशों तक भी पहुंच गई ? किसान की गेहूं की फसल देखने के लिए उसके खेत पर हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों से किसान पहुंच रहे हैं। किसान के द्वारा उगाई गई गेहूं की फसल क्षेत्र भर में चर्चा का विषय बनी हुई है। गांव फतेहपुर निवासी किसान के खेत पर उगाई गई नई प्रजाति की गेहूं की फसल अन्य किसानों से अलग है किसान की गेहूं की लंबाई भी अधिक है, और वजन में भी अधिक है, अक्सर गेहूं की फसल तैयार होने के बाद उसके ऊपरी हिस्से पर अधिक वजन हो जाने के कारण और गेहूं की फसल की जड़ मजबूत नहीं होने के कारण आंधी तूफान में फसल जमीन पर गिर जाती है और भारी नुकसान हो जाता है। मगर किसान योगेश शर्मा का दावा है कि उसकी गेहूं की फसल अधिक वजन होने के बाद भी आंधी तूफान में जमीन पर नहीं गिरती और उसकी गेहूं की फसल को कोई भी हानि नहीं होती।

## होटल सचालक का गमगीन माहौल में हुआ दाह संस्कार

**कांधला।** दिल्ली सहारनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर होटल संचालक का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा शव मिलने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम से शव के गांव में पहुंचने के बाद परिजनों ने गमगीम माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया।

जनपद बागपत के थाना दोघट के गांव टीकरी निवसी वीर सिंह का पुत्र विश्वेन्द्र राठी नगर ने गांव मलकपुर निवासी वैसर से दो वर्ष पूर्व दिल्ली सहारनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नानूपुरी गेट के समीप उसका होटल किराए पर लिया था। जिसे विश्वेन्द्र मून लाइट के नाम से संचालित कर रहा था। गुरूवार को होटल के अंदर शाम के समय विश्वेन्द्र का पंखे से लटका हुआ शव मिला था। जिसकी सूचना विश्वेन्द्र के परिजनों ने पुलिस को दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच करने के बाद शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मामले में फारेसिंक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाएं थे। शुक्रवार की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद मृतक विश्वेन्द्र का शव उसके पैतृक गांव टीकरी पहुंचा, जहां पर गमगीन माहौल में उसके परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। विश्वेन्द्र के भाई साहब सिंह का कहना है कि मामले में अभी उनके द्वारा कोई तहरीर नही दी गई है, अभी तक वह खुद घटना के सही कारणों को नहीं जान पाए है। उसका किसी के साथ कोई झगडा नही था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वह मामले में तहरीर देने के बारे में विचार करेगें।

## ढाबे के समीप ट्रक में मिला चालक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित गांव भारसी मोड़ के समीप किसान ढाबे के समीप एक ट्रक चालक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला।शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कर फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर मदद ली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक की मौत से परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। जनपद बागपत के गांव किशनपुर बिराल निवासी 35 वर्षीय सुनील पुत्र राजकुमार ट्रक चलाकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता था। परिजनों के अनुसार मृतक युवक शुक्रवार सुबह सवेरे रमाला चीनी मिल से अपने ट्रक में मलबा भरकर हरियाणा के लिए जा रहा था। ट्रक पर दूसरा चालक नीरज ककड़ीपुर भी आना था जिसके इंतजार में ट्रक चालक अपने ट्रक को रोकर क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित किसान ढाबे के समीप खड़ा कर सो गया। जब दूसरा ट्रक चालक नीरज मौके पर पहुंचा तो ट्रक के अंदर युवक मृतक अवस्था में पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई शव मिलने की सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। उप निरीक्षक सुभाष सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और गुत्थी सुलझाने के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। मृतक युवक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए पुलिस ने शव पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि ट्रक चालक का शव उसी के टृक में पड़ा मिला था फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा और अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## बिना दहेज के हुई शादी सैकड़ो राजनीतिक हस्तियों ने लिया भाग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी एक युवक ने बिना दहेज लिए मात्र एक रूपए में शादी रचाई है नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देने के लिए दर्जनों राजनीतिक हस्तियों ने पहुंचकर अपना आशीर्वाद दिया है बिना दहेज के हुई शादी जनपद भर में चर्चा का विषय बनी हुई है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी जयवीर सिंह पवार पूर्व अध्यक्ष इंटर कॉलेज एलम, एवं डायरेक्टर रामाला सहकारी चीनी मिल, ने अपने पुत्र एडवोकेट अमित पवार की सगाई बना मसूरी जनपद मेरठ निवासी सुनील धामा की पुत्री तनु उर्फ तानिया के साथ की थी।गत दिवस को नवविवाहित जोड़ा शादी के बंधन में बाधा एडवोकेट अमित पवार ने दहेज प्रथा को खत्म करते हुए बिना दहेज लिए मात्र एक रुपए में अपनी पत्नी के साथ अग्नि के साथ फेरे लिए। इस दौरान बिना दहेज के हुई कस्बा एलम में शादी की चर्चा जनपद भर में हो रही है। इस दौरान नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देने पहुंचे डा यशवीर सिंह पूर्व अध्यक्ष खादी ग्राम उद्योग आयोग ने कहा कि लोग शादी विवाह में फिजूल खर्ची कर रहे हैं सभी को दहेज प्रथा खत्म करते हुए कम से कम खर्चे में शादी करनी चाहिए। किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि चौधरी जयवीर सिंह के पुत्र एडवोकेट अमित पवार ने बिना दहेज लिए शादी कर समाज में एक संदेश दिया है। आज के दौर में एक दूसरे को नीचा दिखाने के लिए शादी विवाह पार्टियों में ज्यादा से ज्यादा खर्चा किया जा रहा है इस दौरान सभी समाज को फिजूल खर्चे से बचना चाहिए । इस दौरान विधायक प्रसन्न चौधरी, विधायक पंकज मलिक, पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक गजेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना, पूर्व अध्यक्ष तरसपाल मलिक, चौधरी मनोज पवार, चौधरी विजय मलिक उर्फ पप्पू, अशोक चौधरी जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, डॉ विनोद मलिक ब्लॉक प्रमुख, उमेश पवार जिला पंचायत सदस्य, साहिल मलिक पुत्र केपी मलिक मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, चौधरी हरवीर सिंह मलिक अंकुर चौधरी, अंशुमन चौधरी,डॉक्टर धीरेंद्र तोमर, अनिल डबास प्रदेश उपाध्यक्ष लोकदल, योगेंद्र चैयरमेन पूर्व जिला अध्यक्ष लोकल चौधरी मनोज पवार, अंकित पवार सहित आदि राजनीतिक हस्तियों ने नवविवाहित जोड़े को अपना आशीर्वाद दिया।इस दौरान बिना दहेज के लिए दिए धूमधाम के साथ हुई शादी जनपद भर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# तानिया कान्वेंटएवं सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल नें मनाया अपना 25वां वार्षिकोत्सव




वेलकम इंडिया

**कांधला।** नगर मे तानिया कान्वेंट स्कूल एवं सरस्वती विद्या मंदिर नें संयुक्त रूप से अपना 25वां वार्षिकोत्सव मनाया जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व प्रचार्या डां प्रमोद कुमारी एवं नजमुल इस्लाम एवं विष्णु प्रकाश अग्रवाल , डां सामिया किरनपाल , प्रवीण विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे. सर्व प्रथम सभी अथितियो नें माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। तथा स्कूली छात्रों नें सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

कार्यक्रम मे छात्राओं नें बड़े ही मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किये। साथ ही कार्यक्रम मे उन बच्चों को भी पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया जिन्होंने अपनी कक्षा मे रैंक हासिल की।दोनों स्कूलो मे तानिया स्कूलों से बिस्मि एवं अनिका टोपर ऑफ दा स्कूल रही. दोनों बच्चों के अभिभावक भी अपने बच्चों को टॉपर के सम्मान पाने पर बहुत प्रशन्न हुए.दोनों स्कूलों मे तानिया से अलीशान, अरहम, शाद,बिसमी, आलिया, इरशाद,माहिरा, अर्श, शादान,अतिका, अकक्षा,आरिश, अफीफा फातिमा,जैद शाद, आदि बच्चों नें फर्स्ट सेकंड व थर्ड रेंक हासिल की.। और सरस्वती विद्या मंदिर से हुस्ना, अक्षा, क्रिस, अफशा, अदीबा, रजी, नमनता,आरिश,समद, परी, लष्मी, हैदर,तूबा, अली, लवी सैनी,अनिका, समीर, आजम,सुहान, समद, आर्यन,नमरा, आफिया, फलक,आयत, रशा, फैज,सुम्बुल शिवांगी, कृष्णा,हसन, फलक, शिवाय,नबीया आदि टोपर की लिस्ट मे शामिल हुए. व रैंक हासिल की. वहीं दूसरी और कार्यक्रम मे अतिथियो नें बहुत सारी योजनाओं का एलान किया तथा उन्होंने स्कूल संचालक विजय कुमार को ग्यारह सौ रुपए नगद एवं एक सीनरी उपहार स्वरुप देकर सम्मानित किया कार्यक्रम मे अनीश खान, खुर्रम बेग, विजयपाल, शराफत राव, शमा परवीन, इकरा सय्य्द,डॉ सामिया रजनी मेम , शिवानी मेम , विधि सैनी, संजना सैनी, राखी, संजना, कुसुम मेम, शशि शर्मा, तब्बसूम मेम, सुमय्या मेम, नबीया मेम,ममता,आभा वर्मा, वैशनवी मेम, आदि उपस्थित रहे।

# जेसीबी मशीनों से अवैध मिट्टी खनन जोरों पर

वेलकम इंडिया



**मोहाना**/सिद्धार्थनगर जनपद के नौगढ़ तहसील अन्तर्गत मोहाना क्षेत्र में जेसीबी मशीनों से बिना परमिट के मिट्टी खनन जोरों पर चल रहा है। जिम्मेदार अधिकारी के मिली भगत से भारी धन उगाही कर मालामाल हो रहे हैं और इससे खनन विभाग का भारी पैमाने पर नुकसान हो हो रहा है, जबकि मिट्टी खोदने या बेचने के लिए परमिट की आवश्यकता होती है।

आपको बता दें कि लगभग एक पाखवारे भर से मोहाना क्षेत्र के जेसीबी मालिकों द्वारा खनन विभाग से बिना परमिट बनवाये रात दिन मिट्टी खोदी जा रही है और डम्फर (छोटा ट्रक) व ट्राली से घूम घूम कर जरूरतमन्दों को मनचाहे दाम पर मिट्टी बेचा जा रहा है। वहीं जेसीबी मालिकों द्वारा अवैध मिट्टी खनन तो धड़ल्ले से किया ही जा रहा है। इसके अलावा प्रति गाड़ियों से ज्यादा चक्कर लगाने के चक्कर में ट्रक व ट्राली में मिट्टी लदी हुई वाहनों की स्पीड बहुत तेज रहती मिट्टी सड़कों पर उड़ता हुआ धूल राहगीरों के आंखों में पड़ जाने से अचानक गिर जाते हैं, जिससे आये दिन ग्रामीण सड़कों पर एक्सीडेंट भी होता रहता है। प्रशासन को अवैध मिट्टी खनन पर लगाम लगाने की जरुरत है।

# मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा ने पुष्पांजलि हॉस्पिटल, बुलंदशहर में ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरूआत

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा ने आज बुलंदशहर स्थित पुष्पांजलि हॉस्पिटल में अपनी ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की ये ओपीडी सेवाएं मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. अभिषेक गुलिया की उपस्थिति में प्रारंभ की गईं। वे प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। इन ओपीडी सेवाओं के माध्यम से हॉस्पिटल का उद्देश्य कैंसर मरीजों को उनके घर के पास एडवांस्ड और हाई क़्वालिटी कंसल्टेशन सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे समय पर और प्रभावी उपचार सुनिश्चित किया जा सके लॉन्च के अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. अभिषेक गुलिया ने कहा,यह नई ऑन्कोलॉजी ओपीडी न केवल कैंसर से पीड़ित मरीजों को उनके रोग के अनुसार विशेष परामर्श और इलाज उपलब्ध कराएगी, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगी कि मरीज को कम से कम साइड इफेक्ट्स के साथ बेहतर और प्रभावशाली उपचार मिल सके।



# जिलाधिकारी ने ली अंतर-विभागीय समन्वय समिति की बैठक

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर**, जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में जिला सभागार में जन्म-मृत्यु पंजीकरण योजना के संबंध में जनपद स्तरीय अंतर-विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जन्म-मृत्यु पंजीकरण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने तथा इसका शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी भटगांई ने बैठक में उपस्थित सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जन्म और मृत्यु का पंजीकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल देते हुए कहा कि पंजीकरण प्रक्रिया को आम जनता के लिए सरल और सुलभ बनाया जाना चाहिए। इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, जिला पंचायत राज अधिकारी और सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को एक 'पब्लिक फ्रेंडली सिस्टम' विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को पंजीकरण कराने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।पंजीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और तेजी लाने के लिए जिलाधिकारी ने जन्म-मृत्यु पंजीकरण को सीआरएस पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज करने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जिन भी चिकित्सालयों में जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की सुविधा है, उनका पंजीकरण सीआरएस पोर्टल पर अवश्य हो। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वे नियमित रूप से जन्म-मृत्यु पंजीकरण इकाइयों का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि पंजीकरण से संबंधित कोई भी मामला अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। उन्होंने पंजीकरण के महत्व के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। इसके तहत विद्यालयों, पंचायत घरों, बस स्टैंडों, सरकारी अस्पतालों और अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी सरल भाषा में प्रदर्शित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत पंजीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और अन्य प्रभावी उपायों पर विचार-विमर्श करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, उपजिलाधिकारी मोनिका, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, अर्थ एवं संख्याधिकारी दिनेश रावत सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# हर्षा रिछारिया को पुलिस ने संभल जाने से रोका यात्रा के दौरान हुई भावुक

**वेलकम इंडिया**

**रामघाट/ बुलंदशहर**/जहां सनातनी विचारधारा से प्रेरित युवाओं की पदयात्रा को लेकर चर्चा में आईं हर्षा रिछारिया को पुलिस ने संभल जाने से रोक दिया है। जानकारी के अनुसार, महाकुंभ में सुर्खियों में रहीं हर्षा रिछारिया बीते 14 अप्रैल को वृंदावन से अपनी पदयात्रा शुरू कर चुकी थीं। यह यात्रा अलीगढ़ होते हुए बुलंदशहर के रामघाट क्षेत्र के जरगवा गांव तक पहुंची थी, लेकिन जैसे ही उन्होंने संभल की ओर रुख किया, पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस अचानक रोके जाने पर हर्षा रिछारिया भावुक हो गईं और उन्होंने डीएम से लेकर मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचाने की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा सनातन धर्म के प्रचार और युवाओं को जागरूक करने व नशा मुक्त भारत के उद्देश्य से की जा रही है। हर्षा का कहना है कि आज के समय में युवाओं को सनातन धर्म में रुचि लेनी चाहिए और हमारी संस्कृति व परंपराओं को समझना चाहिए। इसी सोच को लेकर वह इस पैदल यात्रा पर निकली थीं। उनकी यात्रा 14 अप्रैल को शुरू होकर 21 अप्रैल को संभल में समाप्त होनी थी। लेकिन अब प्रशासन की रोक के चलते यह यात्रा अधूरी रह गई है। पुलिस प्रशासन की ओर से अभी तक यात्रा रोकने के पीछे के कारणों की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है, हर्षा रिछारिया का कहना है कि वह शांति और आस्था के साथ यह पदयात्रा कर रही थीं और उन्हें बिना किसी ठोस कारण के रोका जाना गलत है। अब देखना यह होगा कि शासन-प्रशासन इस मामले में क्या रुख अपनाता है और हर्षा रिछारिया को उनकी यात्रा पूरी करने की अनुमति दी जाती है या नहीं।



# बागेश्वर जिले को लगातार मिल रही सफलताएं

**वेलकम इंडिया**

- देश में भी और राज्य में अव्वल जिले का खिताब
- 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन में बागेश्वर जिला बना अव्वल
- जिलाधिकारी और सीडीओ ने विभागीय अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों को दी बधाई
- लगातार भविष्य में प्रदेश में अग्रणी स्थान बनाने के लिए अधिकारी करें कार्य

**देहरादून, गोविन्द मेहता,** बागेश्वर जिला प्रदेश में लगातार अव्वल जिला बनते जा रहा है।लगातार जारी आकड़ो में बागेश्वर जिले को विभिन्न कार्यक्रमों में प्रदेश में पहले स्थान पाने में सफलताएं मिल रही है।जिला प्रशासन और विकास विभाग के संयुक्त प्रयासों से बागेश्वर जिला प्रदेश में उत्कृष्ट जिला बन रहा है। अन्य जिलों की अपेक्षा लगातार प्रदेश सरकार और शासन से मिलने वाले लक्ष्य में प्रगति आख्या के आधार पर शीर्ष स्थान प्राप्त करने का एक और उपलब्धि जिले को मिली है।20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के तहतशासन द्वारा विभिन्न कार्यों की प्रगति रिपोर्ट जारी की गई है। जिसमें बागेश्वर अव्वल रहा, है। को जबकि चमोली जिला सबसे पीछे रहा।प्रदेश की राजधानी देहरादून भी इसमें नौवें पायदान पर है। गुरुवार को 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही की कार्मिक रिपोर्ट जारी की। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट के अनुसार बागेश्वर प्रथम, ऊधमसिंह नगर द्वितीय और पौड़ी तृतीय स्थान पर रहे। जिले को लगातार प्रदेश में अव्वल रहने पर जिलाधिकारी आशीष भटगाई और मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी ने खुशी जताते हुए इसे एक अतुलनीय उपलब्धि बताया है।वही अधिकारी कर्मियों को बधाई देते हुए निरंतर जिले को अग्रणी स्थान में बनाए रखने के लिए शासन से मिलने वाले लक्ष्यों को तय समय से पूर्व पूर्ण कराने के लिए सभी अधिकारियों को संकल्पित होकर कार्य करने की बात कही है।मालूम हो कि बागेश्वर जिले को इससे पूर्व पूरे देश मे केंद्र सरकार की नीति आयोग द्वारा देश के 6612 विकास खण्डों की जारी सूची में कपकोट विकासखण्ड को40वा स्थान प्राप्त हुआ था। जो कि जिला और प्रदेश के लिए गर्व का विषय रहा।सीडीओ आर सी तिवारी ने बताया कि केन्द्रपोषित और राज्य पोषित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए नए वित्तीय सत्र में मिले लक्ष्य को समय से पूर्ण कराने के लिए सभी विभाग युद्धस्तर पर समय से पूर्व पूर्ण करने के लिए कार्य करने लगे हैं।जिले को मिली सफलता के लिए जिलाप्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा भी विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सहयोग दिया जा रहा है।उन्होंने इसके लिए जिलाधिकारी और जनप्रतिनिधियों के आपसी समन्वय से अधिकारियों कर्मियों द्वारा की गई मेहनत की सराहना की।वही जिले को बीसूका सहित अन्य प्रगति आख्या रिपोर्ट में लगातार सर्वश्रेष्ठ स्थान मिलने पर अधिकारियों का आभार जताया।

# ग्राम प्रधान माधुरी सिंह ने ओपन जिम का किया उद्घाटन

**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत थावर में ग्राम प्रधान माधुरी सिंह ने प्रतिनिधि अतुल कुमार सिंह व सचिव नागेंद्र प्रताप कुशवाहा के साथ ओपन जिम का फीता काट उद्घाटन किया।

आपको बता दें शुक्रवार को राजधानी लखनऊ के विकासखंड काकोरी के ग्राम पंचायत थावर में ग्राम प्रधान माधुरी सिंह ने ओपन जिम का उद्घाटन करते हुए कहा कि ओपेन जिम खुलने से युवाओं को फिटनेस का तोहफा प्राप्त हुआ है। सरकार युवाओं के लिए संकल्पित है। गांव से लेकर शहरों तक विकास कार्य हो रहा है। माधुरी सिंह ने यह भी कहा कि भाजपा समाज के हर वर्ग का समान रूप से विकास करने के लिए कटिबद्ध है। सबका साथ, सबका विकास की नीति के तहत सरकार समाज के हर वर्ग का समान रूप से विकास सुनिश्चित कर रही है।



# बीसूका में बागेश्वर जिले ने बनाया कीर्तिमान

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर:** राज्य के 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही के लिए जारी मूल्यांकन रिपोर्ट में जनपद बागेश्वर ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विभागों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है।फरवरी 2024-25 के लिए जारी 20 सूत्रीय कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट में बागेश्वर जनपद ने पूरे प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद ने कुल 126 में से 110 अंक अर्जित किए, जो 87.3 प्रतिशत के बराबर है। बागेश्वर ने 33 बिंदुओं पर अ ग्रेड प्राप्त किया, जबकि एक भी बिंदु ऊ ग्रेड में नहीं रहा। यह उपलब्धि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन, अधिकारियों की सतर्कता और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है। न्यूनतम मजदूरी, कृषि उत्पादकता, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में जनपद का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। बागेश्वर ने उधमसिंह नगर (83.7%) और पौड़ी (81.4%) जैसे जिलों को पीछे छोड़ते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक मिसाल कायम की है।20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला द्वारा यह रिपोर्ट गुरुवार को जारी की गई। उन्होंने बताया कि जनपदों द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से किए गए कार्यों की प्रगति के आधार पर यह रैंकिंग तैयार की गई है। यह सफलता प्रशासन, विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों और जनता के सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल है।

# हैंडपंप खराब पानी को लोग परेशान जिम्मेदार अधिकारी मौन

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** शुक्रवार को नगर अनूपशहर के निकट तीन बैंक होने निकट इंटर कॉलेज होने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा होने व विशेष झंडा तिरंगा के साथ के चौक निकट राजाराम टी स्टॉल नेहरू गंज पर लगभग पिछले 1 महीने से खराब पड़े दोनों सरकारी हैंडपंपों के चलते उत्पन्न हुए पय जल संकट की शिकायत मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेरठ ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने संबंधित समस्या को लेकर उप जिला अधिकारी अनूपशहर प्रियंका गोयल को अभिलंब सरकारी नलों ठीक करने की मांग की थी जिस पर उपजिला अधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारी अनूपशहर द्वारा ठीक कराई जाने एवं संबंधित लोगों से बात कर तुरंत समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था लेकिन एक सप्ताह बाद भी अप्रैल माह की भीषण गर्मी में भी अंतिम पायदान पर खड़े गरीब लोगों के पानी पीने की व्यवस्था में संकट होने दिन व बैंक के ग्राहकों तथा कचहरी पर आने वाले लोगों के लिए पानी के संकट उत्पन्न होने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों में जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के चलते अनदेखी कर नलों को ठीक नहीं कराया सका है जिस पर मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेरठ ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने शीघ्र तीन दिन में नल सही न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।



# अधिवक्ता समाज न्याय का प्रहरी है: विधायक विनय

**वेलकम इंडिया**

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यालय में स्थित सिद्धार्थनगर सिविल बार एसोसिएशन ने शुक्रवार को विधायक विनय वर्मा का भव्य व जोरदार स्वागत व सम्मानित किया। वहीं बार एसोसिएशन के सम्मानित पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने विधायक को अंगवस्त्र भेंटकर, पुष्पमाला पहनाकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर जो स्नेह और सम्मान दिया। विधायक ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं की आत्मीयता, स्नेह और सम्मान से स्वागत हेतु हृदय से आभार दिया और उनके के प्रति इस भावनात्मक जुड़ाव और सम्मान के लिए कोटि-कोटि धन्यवाद भी दिया। इस अवसर पर विधायक की मौजूदगी में आयोजित संवाद में बार एसोसिएशन की आवश्यकताओं और अधिवक्ता समाज के हितों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। बार एसोसिएशन के संवाद के दौरान विधायक ने संकल्प लेते हुए कहा कि बार एसोसिएशन द्वारा प्रस्तुत हर यथोचित मांग को पूरा कराने की दिशा में वे पूर्ण प्रयास और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय का प्रहरी है और उनका सौभाग्य है कि वे उनके स्नेह व आशीर्वाद से जुड़े हैं। बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं का स्नेह ही उनकी प्रेरणा है और जनसेवा ही उनका धर्म है। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इंदु कुमार सिंह, महामंत्री दिव्य प्रकाश शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, उपाध्यक्ष प्रशान्त मिश्रा, कोषाध्यक्ष राजेश मिश्रा एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश पाण्डेय, अखण्ड प्रताप सिंह, सूर्यकान्त यादव, शेषमणि प्रजापति, राजेन्द्र श्रीवास्तव, अशोक त्रिपाठी, अवनीन्द्र नाथ त्रिपाठी, सुधाकर मिश्रा, सिद्धनाथ पाण्डेय, राकेश कुमार सिंह, सहोदर त्रिपाठी, नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, अमित त्रिपाठी सहित तमाम सहयोगी अधिवक्ताओं मौजूद रहें।



# मां भगवती स्कूल में शिक्षा के अधिकार के तहत चयनित बच्चों के प्रवेश से इनकार करने पर बीएसए ने नोटिस किया जारी




**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर।** शिक्षा के अधिकार के तहत चयनित बच्चों के प्रवेश में स्कूल संचालक आनाकानी कर रहे हैं। आवंटन के बाद भी बच्चों को प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। शिकायत पर बीएसए ने शिकारपुर स्थित स्कूल को नोटिस जारी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बार आईटीआई के तहत चार लॉटरी के माध्यम से हजारों छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मीकांत पांडे ने बताया कि शिकारपुर स्थित मां भगवती स्कूल मैं बच्चों को दाखिला ने मिलने की शिकायत मिली थी जिसमें स्कूल को नोटिस जारी किया गया है। प्रत्येक चयनित बच्चों को संबंधित स्कूलों में प्रवेश देना होगा इसमें लापरवाही पर संबंधित स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पहले नोटिस जारी किया गया है। वहीं प्रवेश न देने पर स्कूल के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। 31 अप्रैल तक सभी बच्चों के प्रवेश कराए जाने सुनिश्चित किए गए हैं।

# बांसवाड़ा - कपिल-केदारेश्वर प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

**वेलकम इंडिया**

**बाँसवाड़ा,** 18 अप्रैल/बांसवाड़ा शहर के सिंहवाव क्षेत्र स्थित श्रृद्धा केन्द्र श्री कपिल गणेश एवं श्री केदारेश्वर महादेव मन्दिर के 3 दिवसीय पुनर्प्रतिष्ठा महोत्सव का श्रीगणेश शुक्रवार प्रातः विनायक स्तवन एवं गणपति महापूजा से हुआ।

इसके उपरान्त स्थापित देवताओं का आवाहन एवं षोड़शोपचार से पूजन-अर्चन, गणेश याग, मण्डप प्रवेश, ग्रह पूजा, ग्रह शान्ति, ग्रह होम, मातृका पूजन, पुण्याहवाचन, कुटीर होम आदि अनुष्ठान हुए। इस दौरान-प्रधान आचार्य पं. पंकज पण्ड्या एवं पं. भावेश पण्ड्या तथा प्रतिष्ठा आचार्य पं. यज्ञनारायण पण्ड्या और उपाचार्य पं. कमलकान्त पण्ड्या, प्र. प्रदीप भट्ट आदि के निर्देशन एवं आचार्यत्व में प्रतिष्ठा विधान एवं नौ कुण्डीय यज्ञार्चन में मुख्य यजमान निवर्तमान सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी तथा अन्य यजमानों ने विविध समिधाओं तथा गौघृत आदि से आहुतियां दीं। महोत्सव के प्रतिष्ठा अनुष्ठान एवं नौकुण्डीय यज्ञकर्म के मुख्य यजमान पूर्व सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी सहित यजमान परिवारों में सम्मिलित संतोष त्रिवेदी, सुभाष त्रिवेदी, प्रज्ञा जोशी, अनन्त जोशी, प्रतिभा जोशी, हेमन्त जोशी, महादेवी जोशी, देवकीनंदन जोशी, विमला सनाढ्य, अमृतलाल सनाढ्य, चारवी भट्ट, अचल भट्ट, अंतिम पण्ड्या, दीपेश पण्ड्या, स्वाति व्यास, शरद व्यास, पुष्पादेवी भट्ट, रिया जोशी, वार्तिक जोशी आदि ने यज्ञार्चन एवं विभिन्न अनुष्ठानों में परिवार सहित भाग लिया। महोत्सव के अन्तर्गत शुक्रवार को विंध्यवासिनी अष्टमी मण्डल एवं प्रदोष मण्डल की ओर से गणपति महानुष्ठान के अन्तर्गत गणपति अथर्वशीर्ष के सामूहिक अनुष्ठान तथा गणपति मंत्रों से मोदक अर्पण विधान के साथ ही दुर्गासप्तशती का पाठात्मक चण्डी महानुष्ठान हुआ।

इसमें पं. हर्षवर्धन व्यास एवं पं. प्रदीप मुरलीधर भट्ट के आचार्यत्व में हुए विविध दिव्य एवं दैवीय अनुष्ठानों में पं. महेन्द्र पाठक, अक्षय पंड्या, ईश्वरदास वैष्णव, अनिल पंड्या, अरविंद पाठक, नरहरि एच. भट्ट, कौशल पंड्या, सुशील त्रिवेदी, मनोज रावल, पंकज पंड्या, ललित आचार्य, सुभाष भट्ट आदि पण्डितों ने हिस्सा लिया। प्रतिष्ठा महोत्सव के अन्तर्गत श्री केदारेश्वर महिला मंडल की ओर से बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने गुरुवार रात हल्दी व मेहंदी कार्यक्रम और भजनों का माधुर्य रस बहाते हुए भक्ति का ज्वार उमड़ा दिया। इस दौरान मण्डल की सदस्यों जिज्ञासा व्यास, प्रियंका रावल, विनीता पाठक, तृप्ति व्यास, अनुराधा सोनी, सागर पालीवाल, केसर तम्बोली, विनीता तेली, उर्मिला दोसी, अमिता व्यास, आरती पण्ड्या, अंतिम पण्ड्या, पुष्पा व्यास, लता उपाध्याय, आरती शुक्ला, लता भट्ट, निशा व्यास, अनुसुइया त्रिवेदी, मंजुला, ऋतु, मेघा, ज्योति, रंजना, संगीता पाठक, प्रज्ञा जोशी, संतोष त्रिवेदी, भक्ति व्यास आदि ने हिस्सा लिया।



# डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन परिचय, व्यक्तित्व, व कृतित्व पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में आज भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन परिचय, व्यक्तित्व, व कृतित्व पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के लगभग 100 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

निबंध प्रतियोगिता एनसीसी ऑफिसर व कला अध्यापक डॉ अमित कुमार व हिंदी अध्यापिका कल्पना आनंद के निर्देशन में संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार ने समस्त छात्र छात्राओं को संबोधित किया व बताया कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एक समाजशास्त्री, कानून विद, अर्थशास्त्री, संविधान के शिल्पकार ,32 डिग्री प्राप्त करने वाले भारत के



एकमात्र नागरिक थे।तथा भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित थे।इन्होंने सामाजिक ,महिला उत्थान एवं गरीबों के उत्थान व अधिकारों के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए।हमें ऐसे महापुरुष से प्रेरणा लेकर उनके पद चिन्हों पर चलकर राष्ट्र की सेवा कर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी चाहिए। निबंध प्रतियोगिता में तान्या मलिक व मोहिनी ने प्रथम स्थान फिजा व प्राची ने द्वितीय स्थान पायल ,इकरा वैशाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, कल्पना आनंद, डॉक्टर अमित कुमार, रविंद्र कुमार, अखिलेश कुमार ,राजकुमार ,सुनील यादव ,रीना ,कुसुम वर्णवाल ,रोबिन कुमार , जयंती , शेष प्रताप सिंह ,डॉक्टर पारुल अग्रवाल ,संजीव कुमार ,सोनम सिंह, शिखा चौधरी, रितिका सिंह , चंदा यादव ,रामकुमार शर्मा ,प्रमोद कुमार ,सुनील कुमार शर्मा ,सुमित कुमार, ताज मोहम्मद ,शिवकुमार, मोहम्मद अशफाक, रिंकेश कुमार, सचिन कुमार ,हेमलता शर्मा नीलम शर्मा ,वर्षा ,सुनील चौधरी ,चंचल ,पूजा शर्मा ,आजाद कुमार ,सौरभ, शिवानी व दिनेश बाबू आदि लोग उपस्थित रहे।

# डॉ. केएन मोदी ग्लोबल स्कूल में पिंक पुलिस यूनिट द्वारा छात्राओं को किया गया जागरूक

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ. के. एन. मोदी ग्लोबल स्कूल, मोदीनगर में आज पिंक पुलिस यूनिट द्वारा कक्षा 8 एवं 9 की छात्राओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आत्म-सुरक्षा, सतर्कता एवं महिला सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ प्रदान करना था। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महिला थाना प्रभारी उषा मलिक रहीं, जिन्होंने छात्राओं को यह समझाया कि वे स्वयं की सुरक्षा किस प्रकार कर सकती हैं, किसी असहज स्थिति में उन्हें क्या कदम उठाने चाहिए और किस तरह की सहायता उपलब्ध है। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने और




साहसपूर्वक किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य पूजा शर्मा ने कार्यक्रम के लिए पिंक पुलिस यूनिट और थाना प्रभारी उषा मलिक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यालयों में समय-समय पर होने चाहिए, ताकि छात्राएं न केवल शिक्षित हों बल्कि सामाजिक रूप से भी सजग और आत्मनिर्भर बन सकें।

छात्राओं ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी दिखाई और अनेक प्रश्न भी पूछे, जिनका समाधान महिला थाना प्रभारी ने सरल एवं संवेदनशीलता से किया।इस सफल आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन ने पिंक पुलिस यूनिट का विशेष धन्यवाद किया।

# पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष दुधारा इन्द्रभूषण सिंह के नेतृत्व में व0उ0नि0 प्रमोद कुमार यादव, हे0का0 अरविन्द यादव ने मु0अ0स0 121/2025 धारा 137(2)/87/65(1)/61(2) बी0एन0एस0 व 3/4 पाक्सो एक्ट थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर के मामले में नाम पता अभियुक्त सेराजुद्दीन पुत्र तराबुद्दीन उर्फ तखिया निवासी सेमरियावा थाना दुधारा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनांक 17.04.2025 को थाना दुधारा पर उक्त अभियुक्त के विरुद्ध वादिनी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

# पुरुषों के उत्पीड़न को रोकने के लिए बनाया जाए पुरुष आयोग- शेखर त्यागी तलहैटा

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** पिछले कुछ वर्षों से पुरुषों के द्वारा राष्ट्रीय पुरुष आयोग के गठन की मांग की जा रही है। यह मांग कई शहरों दिल्ली, लखनऊ, रांची, एवं मेरठ जैसे शहरों से लगातार उठ रही हैं। लगातार महिलाओं द्वारा पुरुषों पर हो रहे उत्पीड़न और आत्महत्याओं को घटनाओ को देखते हुए इसकी मांग तेज हो गई है। देश में पत्नियों से प्रताड़ित पतियों की संख्या बढ़ती जा रही है। किसान पुत्र शेखर त्यागी ने भारत सरकार से महिला आयोग की तरह ही पुरुष आयोग और पुरुष मंत्रालय बनाए जाने की मांग की है जिससे पीड़ित पुरुषों को भी इंसाफ मिल सके।त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो



(एनसीआरबी) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हमारे देश में पिछले एक साल में लगभग 1 लाख 18 हजार पुरुषों ने आत्महत्या की है. इनमें से 84 हजार के लगभग विवाहित पुरुष थे, जो जिंदगी के संघर्ष से लड़ नहीं पाए। 33.2 प्रतिशत पुरुषों ने पारिवारिक समस्याओं के कारण और 4.8 प्रतिशत ने वैवाहिक कारणों से आत्महत्या की।पुरुषों की आत्महत्या और घरेलू हिंसा से निपटने के लिए मानवाधिकार आयोग को भी निर्देश दिया जाना चाहिए।इसमें कुछ गलत नहीं है, लेकिन सवाल है कि ऐसा होगा कैसे? महिलाएं तो जैसे ही किसी प्रकरण में फंसती हैं, किसी न किसी ऐसे कानून का सहारा ले लेती हैं, जहां पुरुषों की कोई सुनवाई ही नहीं होती। बिना किसी जांच-परख के पुरुषों को दोषी मान लिया जाता है। कानून की यह कैसी प्रक्रिया है, जहां दूसरे पक्ष को अपनी बात कहने और अपने को सही साबित करने का अवसर ही प्रदान न किया जाए। उन्होंने कहा की एकपक्षीयता से निपटने के लिए पुरुष आयोग बनाना बहुत आवश्यक हो गया है। वैसे भी जब अपने यहां हर एक की समस्याओं के निपटान के लिए आयोग बना दिए जाते हैं तो पुरुषों के लिए ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता? इसमें कुछ गलत भी नहीं है। पुरुष आयोग हो तो पुरुषों को भी अपनी बात कहने का अवसर मिले। वे भी न्याय पा सकें। अपने यहां जैसे लैंगिक कानून हैं, उनमें बदलाव की भी सख्त आवश्यकता है। कानून हर पक्ष की बात सुने और जो दोषी हो, चाहे स्त्री या पुरुष उन्हें सजा दे। तभी कानून का महत्व भी सिद्ध हो सकता है और वह सभी को न्याय देने वाला बन सकता है।

# गर्मी से हाल बेहाल, सूख नहीं रहा पसीना

वेलकम इंडिया

**झाँसी।** शुक्रवार को मौसम का मिजाज बेहद गर्म रहा। सुबह दस बजे के बाद ही सूरज की किरणें कहर बरपाने लगीं। सूरज की तपिश में धरती तपने लगी और गर्म हवाओं ने तो सभी को बेहाल करके रख दिया. सूर्य नारायण के तेवर तीखे बने हुए हैं, जिससे लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा रहा है

गर्मी चरम पर है। पारे का मीटर नीचे आने का नाम नहीं ले रहा है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। उमस लोगों का हाल बेहाल किए हुए है। सुबह से लेकर रात तक शरीर का पसीना नहीं सूख पा रहा

> गर्मी चरम पर है। पारे का मीटर नीचे आने का नाम नहीं ले रहा है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। उमस लोगों का हाल बेहाल किए हुए है।

है अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। भीषण तपिश में दोपहर को तो सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा, वहीं शहर की प्रमुख बाजारों में इक्का-दुक्का ही खरीदार पहुंचे। वहीं भीषण धूप में राहगीर व मुसाफिर पसीना बहाते हुए गंतव्य को रवाना हुए।

# परिवेश में मधुर संगीत के वाहक है पक्षी : संखलेचा

वेलकम इंडिया

**बाड़मेर ।** 18 अप्रैल, 25 । भीषण गर्मी के इस दौर में जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो रखा है, वहीं मूक पक्षियों के हालात भी नाजुक है।ऐसे में पक्षियों को हलक तर के लिए इधर उधर खूब भटकना पड़ता है। जिस कड़ी में पक्षियों की जल सेवा व हल कतर को लेकर महावीर इन्टरनेशनल, बाड़मेर की ओर से शुक्रवार को अध्यक्ष बाबुलाल संखलेचा व डिप्टी डायरेक्टर गौतम डूंगरवाल के नेतृत्व में वार्ड संख्या-10 में महावीर जिनालय के सामने की गली रोहिड़ा पाड़ा में पक्षियों की जल सेवा को लेकर पेड़ों पर मिट्टी के परिण्डे लगाएं और मोहल्ले में मिट्टी के परिण्डे वितरित किये गये। पर्यावरण प्रमुख मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि शुक्रवार को जीवदया पक्षी जलसेवा में वार्ड संख्या-10 में महावीर जिनालय के सामने की गली रोहिड़ा पाड़ा में प्रातः में परिण्डा कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मोहल्ले में लगे विभिन्न पेड़ों पर




मिट्टी के परिण्डे लगाएं गए। वहीं मोहल्ले में मिट्टी के परिण्डे वितरित किये गये। कार्यक्रम के दौरान 50 से अधिक परिण्डे लगाएं एवं वितरित किये गये। वहीं मोहल्लेवासियों को परिण्डों के संरक्षण व देखभाल का संकल्प दिलाया गया। साथ ही पूर्व में लगे परिण्डों को स्वच्छ करते हुए जल की व्यवस्था की गई। अध्यक्ष बाबुलाल संखलेचा ने कहा कि जीवों के प्रति दया सभी धर्मां का मूल और सार है। जो हमें प्रत्येक प्राणी की सेवा करना सीखाता है। संखलेचा ने कहा कि पक्षियों के मधुर कलरव से परिवेश में प्राण भर जाते है। पक्षी परिवेश में मधुर संगीत के वाहक है। हमें पक्षियों के संरक्षण के लिए भरपूर प्रयास करने चायि। इस दौरान अध्यक्ष बाबुलाल संखलेचा, डिप्टी डायरेक्टर गौतम डूगरवाल, सतीश छाजेड़, मांगीलाल गोठी, गौतम बोथरा, मुकेश बोहरा अमन, मदनलाल, नरेश सिंघवीं अरटी, जोगेन्द्र वडेरा, पवन सिंघवीं, नरेश भंसाली, मनोज सिंघवीं सहित महावीर इन्टरनेशनल, बाड़मेर के कार्यकर्ता व मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब नूरपुर की मासिक बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**नूरपुर।** अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस की मासिक बैठक अपनी निर्धारित तिथि पर ग्राम हसुपुरा में सम्पन्न हुई। इस बैठक का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश सिंह चौहान के निवास स्थान पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के जिला प्रभारी नितिन शर्मा एवं संचालन जिला सचिव देव चौहान ने किया।

अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के जिला प्रभारी नितिन शर्मा ने अपने सम्बोधन में पत्रकारों से एकजुट रहने व संगठन को मजबूत बनाने की अपील की।उन्होंने पत्रकारों की लेखन शैली की चर्चा करते हुए कहा कि वे विशिष्ट भाषा शैली से समाचार पाठकों को प्रभावित करें और पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना नाम रोशन करें। शुक्रवार सुबह करीब दस बजे आयोजित अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब की बैठक का संचालन कर रहे जिला सचिव देव चौहान ने समय समय पर अपने उद्बोधनों में कहा कि अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब ही एक ऐसा संगठन है जो अपने पत्रकारों के उत्पीड़न के विरोध में अपनी आवाज उत्पीड़न करने वालों के कानों तक पहुंचाकर पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान करता है। पत्रकारों में सबसे पहले अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के जिला सचिव देव चौहान ने अपने विशेष अंदाज में बताया कि पत्रकार की कलम में तो इतनी ताकत है कि वह बड़े से बड़े आततायी को धराशायी कर सकता है इसके अलावा उन्होंने अपने सुझाव में कहा कि पत्रकार अपनी और अपने ब्यूरो चीफ की गरिमा को ध्यान में रखकर ही खबरें लिखें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की दलाली करने वाला स्वयं को पत्रकार न समझे वह पत्रकार के नाम पर कलंक मात्र है इससे अधिक कुछ नहीं। ब्लॉक अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश सिंह नें अपने संक्षिप्त भाषण में पत्रकारों से हर मीटिंग में उपस्थित रहकर संगठन के नियमों पर चलते रहने पर जोर दिया।

# जनता कॉलेज ऑफ फामेर्सी के छात्रों ने लहराया परचम





वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** एकटीयू द्वारा ओडीडी सेमेस्टर (5वां और 7वां सेमेस्टर) के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं।जनता कॉलेज ऑफ फामेर्सी के छात्रों ने इस बार शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया। 7वें सेमेस्टर में मोहम्मद अनस ने 83.2% अंक प्राप्त कर टॉप किया, जबकि मोहम्मद फैजान ने 82.7% अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

5वें सेमेस्टर में अमीर जहां ने 73.5% अंक प्राप्त कर कॉलेज में टॉप किया। वहीं श्रेया राजपूत ने 71.3% अंक लाकर दूसरा स्थान हासिल किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. यूनुस ने सभी छात्रों को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हाफिज मोहम्मद फैजान एवं मोहम्मद अजीम ने इसी वर्ष एग्जाम क्वालीफाई करके पहले भी जिले में कॉलेज का में नाम रोशन किया है।

# राकेश टिकैत सहित विधायक व पूर्व विधायकों पर आरोप तय, चलेगा मुकदमा

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** स्पेशल कोर्ट एमपी, एमएलए कोर्ट गाज़ियाबाद श्री निशान्त मान की अदालत मे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, विधायक योगेश धामा, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा , पूर्व मंत्री दलवीर सिंह, पूर्व विधायक वीर पाल राठी, पूर्व विधायक भगवती प्रसाद , चेयरमैन अमरजीत सिंह बिडडी, पूर्व प्रमुख अजय पाल सहित 25 आरोपी पेश हुए । सन् 2014 मे किसानों, रालोद कार्यकताओं व भारतीय किसान यूनियन कार्यकताओं द्वारा स्व



चौधरी अजित सिंह की दिल्ली मे कोठी खाली करने के विरोध में मुरादनगर गंग नहर पर किये गये विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया था जिसमें पुलिस ने मुरादनगर थाने पर मुकदमा पंजीकृत किया था जिसमें 36 व्यक्तियों को नामजद किया गया था । उपरोक्त सहित 25 लोग न्यायलय में हाजिर हो रहे हैं । आज सभी आरोपी अपने वकील चौधरी अजय वीर सिंह के साथ न्यायलय में उपस्थित हुए और पुलिस द्वारा लगाए गये आरोपों पर विस्तृत बहस की तथा माँग की कि पुलिस द्वारा झूठे आरोप नेताओं व कार्यकताओं पर लगाये गए हैं, कोई साक्ष्य पुलिस उपस्थित व्यक्तियों के खिलाफ प्रस्तुत नहीं कर सकी है इसलिए न्यायालय द्वारा उन्हें आरोपों से मुक्त किया जाए । सरकारी वकील बिशमबर सिंह ने कहा कि मुकदमे में परिक्षण के बाद ही तय हो सकेगा कि उपस्थित व्यक्तियों के खिलाफ साक्ष्य है या नही ,इसलिए इस स्तर पर आरोप मुक्त नहीं किया जा सकता ।

# करूला एवं गांगन नदी संरक्षण हेतु कार्यशाला का किया गया आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर :** जल संरक्षण में सामुदायिक सहभागिता को नया आयाम देने के उद्देश्य से डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया के तत्वावधान में लैंड इस्केप पार्टनर्शिप - साझेदारी पहल कार्यक्रम के अंतर्गत करुला एवं गांगन नदी संरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग तथा जल उपभोक्ता समिति माइनर खानपुर द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम मीरापुर में एक कार्यशाला का



आयोजन किया गया । जिसमें करुला नदी के संरक्षण में किसानों की भूमिका पर चर्चा और माइनर खानपुर जल उपभोक्ता समिति के लिए नए प्रोजेक्ट को लांच किया गया। इंजी.शरद कुमार सिंह मुख्य अभियंता पूर्वी गंगा, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ.प्र. मुख्य अतिथि रहे।उन्होंने उपस्थित कृषकों को समान रूप से सिंचाई करने के लिए बताया और जलस्त्रोतों की साफ सफाई हेतु सहयोग का आवाह्न किया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष गंभीर सिंह एवं कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह से डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा प्रोजेक्ट का एमओयू साइन किया गया। जिसमें एक वर्ष के दौरान जल उपभोक्ता समिति माइनर खानपुर नदी के संरक्षण व नदी तक सुचारू रूप से पानी जाने के रास्तों का खरखाव व उन्नत खेती की जानकारियों को इकट्ठा करना आदि सम्मिलित है ।

# गरीब कन्याओं का विवाह कराना सबसे बड़ा पुनीत कार्य :नरेंद्र कश्यप

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कवि नगर महिला मंडल के द्वारा सामाजिक समरसता को बढ़ाने और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं की जिंदगी को संवारने के लिए शुक्रवार को श्रीनाथ बैंक्विट हॉल में निशुल्क विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवतियों की शादी कराई गई। जिसमें कोई दहेज नहीं लिया गया। साथ ही उनके जीवन गुजारने के लिए उन्हें उपहार, सम्मान और सामान दिया गया। साथ ही सभी विवाह कार्यक्रम में आए अतिथियों को भोजन भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और मंत्री प्रतिनिधि सौरभ जयसवाल बतौर अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। सभी ने वर वधु को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री और कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि युवतियों का निशुल्क विवाह कराना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि कवि नगर महिला मंडल द्वारा यह बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया है। गरीब आय वर्ग की कन्याओं का निशुल्क और बिना दहेज वाला विवाह कराकर एक सामाजिक संदेश देने का काम किया गया है। तो वही समाज के अन्य लोगों को भी इस और कदम उठाना चाहिए। कवि नगर महिला मंडल द्वारा आयोजित निशुल्क और गरीब वर्ग के लिए आयोजित कन्या विवाह का सबसे खास बात यह थी कि बिना दहेज के विवाह किए गए। सभी जोड़ों को उपहार, वस्त्र, जरूरत का सामान भी निशुल्क वितरित किया गया है। भोजन एवं परिवार से संबंधित वस्तुओं की व्यवस्था आयोजको के द्वारा की गई थी। जिसमें सभी धर्म और सभी जातियों को खुला निमंत्रण था। इस कार्य में कवि नगर महिला मंडल की महिलाओं के साथ ही समाज के अन्य वर्ग के लोगों ने भी सहयोग किया है। कन्याओं का निशुल्क विवाह कराना उनकी तमाम व्यवस्था और तैयारी करने में मुख्य रूप से कवि नगर महिला मंडल की प्रोग्राम चेयरपर्सन रुचि बिंदल, अंजू अग्रवाल, अनामिका अग्रवाल, अंजू सोनी, सीमाक्षी जायसवाल, पूनम तायल व झरना गर्ग एवं समस्त कवि नगर महिला मंडल गाजियाबाद का महत्वपूर्ण सहयोग और योगदान रहा।

# ऑपरेशन ओवररेटिंग, नियम तोड़ा तो कारोबार होगा खत्म

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में आबकारी विभाग ने अवैध शराब कारोबारियों की कमर तोडे के लिए ऐसा शिकंजा कसा है कि अब शराब माफिया और नियम तोडे वाले विक्रेताओं की रातों की नींद उड़ गई है। सुबह की पहली किरण से पहले ही शराब बेचने की चालाकी अब सीधे जेल के रास्ते ले जा रही है।

जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम के नेतृत्व में गाजियाबाद में शुरू हुई यह मुहिम अब महज चेतावनी नहीं, बल्कि सीधी कार्रवाई में बदल चुकी है। इस बार विभाग ने एक ऐसी चाल चली जिसने विक्रेताओं को रंगेहाथ पकड़वाया और उनके कारनामों को कैमरे में कैद कर प्रदेशभर को चेतावनी दे दी है, शराब के धंधे में कानून से ऊपर कोई नहीं है। आबकारी निरीक्षक मनोज शर्मा का मास्टरस्ट्रोक क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा है। ग्राहक बनाकर विक्रेता के पास आदमी भेजा और कैमरे में सारी हरकतें विक्रेता की रिकॉर्ड कर ली। शुक्रवार तड़के आबकारी निरीक्षक मनोज शर्मा और उनकी टीम ने पुराना विजय नगर में संचालित यशविरी देशी मदिरा की दुकान पर धावा बोला। विक्रेता अंकुल कुमार और अभिषेक जायसवाल, जो सुबह 6 बजे ही शराब बेच रहे थे, को जाल बिछाकर रंगेहाथ पकड़ा गया। इतना ही नहीं, उन्होंने 75 रुपये वाली शराब के 100 रुपये वसूलते हुए खुलेआम लूट मचा रहे थे। एक टीम सदस्य को ग्राहक बनाकर भेजा गया और पूरे लेन-देन की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई। वीडियो में साफ दिख रहा है कि कैसे दुकान खुलने से पहले ही नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही थीं। इस घटना के बाद जिलेभर में हड़कंप मच गया है।

# साथियों के साथ मिलकर पिता पुत्र के साथ मारपीट

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** थाना लोनी बार्डर की रूप नगर कालोनी में बाइक टकराने पर हुई कहासुनी में दो युवकों ने साथियों के साथ मिलकर पिता पुत्र के साथ मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

रुपनगर कालोनी निवासी रियाज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो दिन पूर्व उनका दामाद फैजल और बेटा सुल्तान घर के पास नाई की दुकान के सामने खड़े थे। इस दौरान रोड से बाइक पर गुजर रहे सुरजीत ने बेटे को टक्कर मार दी। जिसपर दोनों में कहासुनी हो गई। मौके पर पहुंचे सभासद ने दोनों को वहां से भेज दिया और बातचीत के लिए घर पर बुलाया। आरोप है कि अगले दिन बेटे के संग सभासद के घर पहुंचे। घर से लौटते समय सुरजीत, सोनू ने रास्ते में अपने साथियों के साथ मिलकर उनके व बेटे के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। हमलावरों के जाने के बाद उन्होंने पुलिस को मामले की सूचना दी। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर सुरजीत, सोनू व उनके अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई हैं। आरोपियों की तलाश की जा रही है।


# परचून की दुकान पर बैठी महिला से ठगी

**गाजियाबाद।** थाना लोनी की सरल कुंज कालोनी में गुरुवार दोपहर दो युवकों ने परचून की दुकान पर बैठी महिला के मुंह पर रुमाल झाड़ कर कान के कुंडल उतरवा लिये। युवक पांच सौ रुपये के छुट्टे कराने के दुकान पर आए थे।

सीसीटीवी कैमरे में दोनों युवक तेजी से जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है। सरल कुंज कालोनी में रहने वाली अनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह परचून की दुकान चलाती है। दोपहर को दो युवक दुकान पर पहुंचे और पांच सौ रुपये की गड्डी से एक नोट निकाला और उनसे पैसे छुट्टे कराने के लिए बोला। आरोप है कि मना करने पर एक युवक ने उनकी नाक के सामने से रुमाल हिलाया। जिसके बाद दोनों ने उनके कान से कुंडल उतरवा लिए और फरार हो गये। उनका पीछा करने पर भी दोनों नहीं मिले। घर लौटकर परिजनों को मामले की जानकारी दी। दुकान से कुछ दूर लगे सीसीटीवी कैमरे में दोनों युवक तेजी से जाते हुए कैद हो गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस कसे की है।

# मयंक गोयल के नेतृत्व में जागरूकता अभियान शुरू

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** देशभर में चुनाव प्रणाली में सुधार की दिशा में एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा को लेकर चल रहे अभियान को अब जनसमर्थन मिलने लगा है। इस मुहिम को गाजियाबाद में गति प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने जागरूकता अभियान की शुरूआत की और लोगों से इस ऐतिहासिक परिवर्तन का हिस्सा बनने का आह्वान किया। मयंक गोयल ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव न केवल देश के बहुमूल्य संसाधनों की बचत करेगा, बल्कि इससे शासन प्रणाली अधिक स्थिर, सुचारु और प्रभावी होगी।

बार-बार होने वाले चुनावों के कारण जो प्रशासनिक बाधाएं और अनावश्यक व्यय सामने आते हैं, वे देश की विकास प्रक्रिया में अवरोध उत्पन्न करते हैं। एक साथ चुनाव होने से नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन और दीर्घकालिक योजनाओं को अधिक मजबूती मिलेगी। अभियान को सुव्यवस्थित और व्यापक जनसंपर्क से जोड़ने के लिए पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एसपी सिंह को इस अभियान का समन्वयक नियुक्त किया गया है। वह गाजियाबाद के विभिन्न आरडब्ल्यूए, व्यापार मंडल, सामाजिक संस्थाएं, शिक्षण संस्थान और राजनीतिक संगठनों को अभियान से जोडे का कार्य करेंगे। सरदार एसपी सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा लोकतंत्र को और अधिक सशक्त तथा व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक आवश्यक कदम है। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होने से न केवल खर्च में कमी आएगी, बल्कि विकास कार्यों में निरंतरता और स्थिरता भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले दिनों में युवाओं द्वारा पैदल यात्रा एवं विभिन्न संगठनों द्वारा इस मांग के समर्थन में प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।

# ट्रांस हिंडन में अवैध स्पा सेंटर और हुक्का बार की भरमार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम, ट्रांस हिंडन का एक पॉश और हाई-प्रोफाइल इलाका, इन दिनों अवैध स्पा सेंटर और हुक्का बार के लिए चर्चा का केंद्र बना हुआ है। हैरानी की बात यह है कि इन अवैध गतिविधियों के पीछे ज्यादातर मालिक और कर्मचारी दिल्ली से आ रहे हैं। सवाल उठता है कि आखिर दिल्ली के ये लोग गाजियाबाद को क्यों अपना ठिकाना बना रहे है। क्या दिल्ली पुलिस की सख्ती ने इन्हें गाजियाबाद की ओर धकेला है और सबसे बड़ा सवाल क्या गाजियाबाद पुलिस इन अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने में नाकाम साबित हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली में अवैध स्पा सेंटर और हुक्का बार पर दिल्ली पुलिस और दिल्ली नगर निगम की सख्ती बढ़ी है। मार्च 2025 में दिल्ली के महापौर ने अवैध स्पा सेंटर, बिना लाइसेंस वाले ओयो होटल, और हुक्का बार के खिलाफ बड़े पैमाने पर छापेमारी अभियान शुरू करने का ऐलान किया था। इसके अलावा, दिल्ली महिला आयोग अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने 2019 में राजौरी गार्डन जैसे इलाकों में स्पा सेंटरों पर छापेमारी कर कई सेक्स रैकेट का पदार्फाश किया था। दिल्ली में लॉकडाउन नियमों का उल्लंघन करने वाले हुक्का बार पर भी 2021 में दक्षिण-पूर्वी दिल्ली पुलिस ने 29 लोगों को गिरफ्तार किया था। इस सख्ती का नतीजा यह हुआ कि दिल्ली में अवैध धंधे चलाने वालों ने पड़ोसी शहर गाजियाबाद, खासकर इंदिरापुरम, को अपना नया ठिकाना बनाना शुरू कर दिया। इंदिरापुरम की भौगोलिक स्थिति दिल्ली से सटे होने और एनसीआर का हिस्सा होने के कारण यह इन धंधों के लिए सुरक्षित जगह बन गई। यहाँ की हाई-प्रोफाइल सोसाइटीज, मॉल्स, और व्यावसायिक इमारतें इन अवैध गतिविधियों को छिपाने का आसान जरिया प्रदान करती हैं।

# पुरानी मांगो को लेकर एक मई को धरना देंगे शिक्षक

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षा संघ की गाजियाबाद की शाखा एक मई को बीएसए कार्यालय पर धरना देगी। शिक्षक संघ अपनी पुरानी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना देगा। प्राथमिक शिक्षक संघ गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय अध्यक्ष एवं प्रांतीय कार्य समिति के पदाधिकरियों की एक संयुक्त बैठक प्रांतीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें बेसिक शिक्षा परिषदीय शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। इसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अपनी पुरानी मांगों को पूरा करने को लेकर सभी जनपद में बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एक मई को धरना दिया जाएगा एवं जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि उनकी मांगों में पुरानी पेंशन बहाल करने, गर्मी के दिनों में स्कूल का समय बदलने, शिक्षकों का उनके गृह जनपद में ही कार्यरत करने, दिव्यांग वाहन भत्ता की बढ़ी हुई धनराशि के भुगतान हेतु आवश्यक आदेश जारी करना आदि मांगे शामिल है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि इस शांतिपूर्ण धरना में प्राथमिक शिक्षक संघ गाजियाबाद के सभी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## आईटीएस डेंटल कॉलेज ने ऑक्लूजन-2025 के माध्यम से रजत जयंती वर्ष मनाया

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को ऑक्लूजन-2025 राष्ट्रीय दंत चिकित्सा छात्र सम्मेलन का भव्य आयोजन किया। यह कार्यक्रम कॉलेज के चेयरमैन डॉ. आर. पी. चड्ढा एवं वाइस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

इस सम्मेलन में देशभर के 45 से अधिक दंत चिकित्सा महाविद्यालयों से आए 3500 से अधिक बी.डी.एस. और एम.डी.एस. छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के पहले दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें बास्केटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल, खो-खो जैसी लोकप्रिय बाह्य खेल प्रतियोगिताएं सम्मिलित रहीं। पूरे परिसर में छात्र-छात्राओं का उत्साह, ऊर्जा और सहभागिता एक प्रेरणादायक वातावरण निर्मित कर रही थी। आईटीएस डेंटल कॉलेज द्वारा आयोजित यह आयोजन निश्चय ही शिक्षा और संस्कृति का अद्वितीय संगम बन गया। सम्मेलन में 200 से अधिक छात्रों ने वैज्ञानिक शोध पत्रों और पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने शोध एवं विचार प्रस्तुत किए। यह मंच छात्रों को अपने अकादमिक कौशल को प्रदर्शित करने और नवीनतम चिकित्सा शोधों से अवगत होने का एक सशक्त माध्यम बना। कार्यक्रम के दौरान दंत चिकित्सा के विभिन्न नवीनतम विषयों पर प्रख्यात विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान भी प्रस्तुत किए गए। इन व्याख्यानों ने छात्रों को चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की जानकारी देने के साथ-साथ उनके ज्ञान को और अधिक समृद्ध किया।

# मेवाड़ में युवाओं को सड़क और टायर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में सड़क और टायर सुरक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए, विश्व युवक केंद्र ने आईटीटीएसी, अरिहंत चैरिटेबल एजुकेशनल ट्रस्ट और मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सहयोग से वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में टायर और सड़क सुरक्षा पर एक सेमिनार का आयोजन किया। परफॉरमेंस कंसल्टिंग सर्विसेज के संस्थापक दीपांकर पॉल और एटीएमए के सहायक महानिदेशक संजय चटर्जी ने युवाओं के बीच सड़क और टायर सुरक्षा जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज युवा न केवल सबसे अधिक प्रभावित हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के पीछे प्रेरक शक्ति भी हैं और इसलिए उन्हें जिम्मेदार सड़क व्यवहार का प्रदर्शन करने की आवश्यकता है। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशक डॉ. अलका अग्रवाल ने देश में सड़क और टायर सुरक्षा को बढ़ावा देने में युवाओं को उनकी भूमिका के बारे में जागरूक करने पर जोर दिया। विश्व युवक केंद्र के कार्यक्रम अधिकारी रजत थॉमस और मुक्ता भारद्वाज ने विद्यार्थियों के साथ अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम का समापन प्रमाण पत्र वितरण के साथ हुआ। सेमिनार में लगभग 300 छात्रों ने भाग लिया और टायर तथा सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# फ्लैट का ताला तोड़कर चोरों ने कि लाखों रुपये की ज्वैलरी व हजारों की नकदी चोरी

वेलकम इंडिया

- भागते समय शोर मचने पर लोगों ने एक चोर का पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।
- पकड़े गए चोर से पूछताछ कर फरार साथियों की जानकारी जुटाई जा रहीं है।

**गाजियाबाद।** अंकुर विहार थाना क्षेत्र की डीएलएफ अंकुर विहार कालोनी में गुरुवार दोपहर एक फ्लैट का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये की ज्वैलरी व हजारों की नकदी चुरा ली।

भागते समय शोर मचने पर लोगों ने एक चोर का पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर चोर के फरार साथियों की तलाश में जुटी है। डीएलएफ निवासी मनीषा ठाकुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गुरुवार को किसी कार्य से लोनी से बाहर गई थी। दोपहर को चोरों ने उनके फ्लैट का ताला तोड़कर कमरे की अलमारी में रखे सोने की चेन, अंगूठी, सोने का हार, चांदी के आभूषण और करीब 50 हजार की नकदी चुरा ली। घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फ्लैट से अनजान लोगों को बाहर निकलता देख आस पास के लोगों ने शोर मचाया और एक चोर का पकड़ लिया। हालांकि चोर के अन्य साथी मौके से फरार हो गये। लोगों ने चोर की धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया और उन्हें घटना की जानकारी दी। घर पहुंचने पर उन्होंने चोरों के खिलाफ शिकायत दी है। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज की गई है। पकड़े गए चोर से पूछताछ कर फरार साथियों की जानकारी जुटाई जा रहीं है।

# मोहन से लेकर अप्सरा बॉर्डर तक लगाए गए 25 नए पोल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार नगर निगम प्रकाश विभाग द्वारा मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक वार्डों में भी प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने का कार्य किया जा रहा है। जिसके क्रम में प्रतिदिन वार्डों में लाइटों की मरम्मत का कार्य, नई लाइटों को लगाने का कार्य व अन्य आवश्यकता को देखते हुए कार्य कराए जा रहे हैं। प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के क्रम में भी लाइटों की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है, समय से लाइटों का चालू होना तथा बंद होना प्रबल मॉनिटरिंग के क्रम में जारी है। नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम सीमा अंतर्गत जहां रूटीन में लाइटों का मरम्मत कार्य चल रहा है वहीं अन्य क्षेत्रों में भी आवश्यकता को देखते हुए नई लाइट लगाने का कार्य भी प्रकाश विभाग द्वारा किया जा रहा है। महापौर तथा जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में प्राप्त शिकायतों का अविलंब निस्तारण कराया जा रहा है। इंदिरापुरम के क्षेत्र में भी आगामी दो माह के भीतर लाइट व्यवस्था को बहुत अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। जिसकी प्लानिंग चल रही है, जिसके क्रम में नए पोल, नई लाइट, तथा डिजाइनिंग और आकर्षक लिए भी लगाई जाएगी। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि मोहन नगर से लेकर अप्सरा बॉर्डर तक जहां पर आवश्यकता है। वहां नए पोल लगाकर लाइट व्यवस्था का सुदृढ़ किया जा रहा है। गैप को देखते हुए 25 पोल मांगे गए हैं, जिनको लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। विशेष रूप से लाजपत नगर साहिबाबाद मुख्य मार्ग से लेकर औद्योगिक क्षेत्र के बाहर अप्सरा बॉर्डर तक लाइट व्यवस्था को बेहतर करने के लिए 8 मीटर लंबे पोल लगाए जा रहे हैं। जो कि जिलाधिकारी को प्राप्त हो रही शिकायतों के निस्तारण के क्रम में लगाए गए हैं।

